दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 142 जयपुर, गुरुवार, 02 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कोविशील्ड के साइड इफेक्ट का मामला पहुंचा SC



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस को काबू करने के लिए ली गई वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दाखिल हुई है जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों का पैनल गठित कर इसके साइड इफेक्ट की जांच कराने की मांग की गई है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने दाखिल की है। दाखिल अर्जी में कहा गया है कि कोविशील्ड वैक्सीन विकसित करने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा लंदन में माना गया है कि इसके कारण बहुत बिरले मामलों में खून का थक्का जमना या प्लेटलेट की संख्या घटना आदि शामिल है। अर्जी में बहुत से युवाओं को भी दिल के दौरे पड़ने की घटनाओं का उल्लेख हैं।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 19 रुपए सस्ता

**जयपुर।** राजस्थान समेत देशभर में तेल-गैस कंपनियों ने एलपीजी की कीमतों का रिव्यू किया है। इस रिव्यू के तहत कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 19 रुपए की कमी की है, जबकि घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों को यथावत रखा है। तेल-गैस कंपनियों के मुताबिक आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 19 रुपए सस्ता हुआ है। नई कीमत के बाद से बाजार में कॉमर्शियल सिलेंडर 1786.50 की जगह 1767.50 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने एक अप्रैल को कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 31.50 रुपए सस्ता किया था, जबकि मार्च में 26 रुपए और फरवरी 13.50 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा किया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**अलवर में ACB का एक्शन:** लाइसेंसशुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में मांगी थी घूस

# जिला आबकारी अधिकारी तीन लाख की रिश्वत लेते अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की टीम ने अलवर में तैनात जिला आबकारी अधिकारी को 3 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरएएस सुरेश कुमार अहीर के आवास एवं अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीम सर्च कर रही हैं।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की अलवर-द्वितीय इकाई ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए सुरेश कुमार अहीर को परिवादी से 3 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की अलवर टीम को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी लाइसेंस शुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में आरोपी सुरेश कुमार अहीर ने 6 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी



रणधीर सिंह के सुपरविजन में एसीबी अलवर के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन सही पाए जाने पर बुधवार को टीम ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए आरोपी सुरेश कुमार अहीर को परिवादी से 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही की जा रही हैं। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### एक लाख 5 हजार की नकदी से साथ वनकर्मियों को पकड़ा

**जयपुर।** एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय की टीम ने बुधवार को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद राजधानी जयपुर में आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाया गया। एसीबी टीम ने वन विभाग के पांच कर्मचारियों को अरण्य भवन में कार से आते समय आकस्मिक चैकिंग के दौरान रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास 1 लाख 5 हजार रुपए से अधिक की नकद राशि मिली। टीम ने इसे संदिग्ध रिश्वत राशि मानते हुए जब्त कर लिया गया। एसीबी टीम ने पांच आरोपी राजकुमार, शक्ति प्रकाश, भैंरूलाल, रामसागर और महावीर प्रसाद को हिरासत में ले लिया। आरोपियों से एसीबी मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है।

पेज 2 भी देखें

**सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का था मास्टरमाइंड**

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को अमेरिका में मारी गोली!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत का दावा किया जा रहा है। अमेरिकी वेबसाइट ने कथित तौर पर दावा किया है कि गोल्डी बराड़ को मंगलवार शाम अमेरिका के फेयरमोंट, होल्ट एवेन्यू में गोली मार दी गई। बताया गया है कि गोल्डी बराड़ अपने एक दोस्त के साथ सड़क पर खड़ा था। इसी बीच कुछ अज्ञात बदमाश आए और बराड़ पर फायरिंग कर भाग गए। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है।

अमेरिकी पुलिस अधिकारी लेस्ली विलियम्स ने एक चैनल को बताया कि दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की मौत हो चुकी है। यह भी दावा किया जा रहा है कि इनमें से एक गोल्डी बरार भी हो सकता है। अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, गोल्डी बराड़ के प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर अर्श डल्ला और लखबीर ने गोल्डी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। दोनों का दावा है कि उन्होंने दुश्मनी के चलते गोल्डी पर गोली चलाई है। फिलहाल इस पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग या किसी अन्य गैंगस्टर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



### सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड

29 मई 2022 को मानसा के जवाहरके गांव में मशहूर पंजाबी गायक शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में लॉरेंस गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली थी, बाद में गोल्डी बराड़ ने एक टीवी चैनल पर इंटरव्यू में कहा था कि उसने ही मूसेवाला को हत्या करवाई है। उसने मूसेवाला पर लॉरेंस के कॉलेज मित्र विक्की मिड्डुखेड़ा की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। गोल्डी ने दावा किया था कि जब पुलिस ने मूसेवाला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो उसे हत्या करवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। गोल्डी ने मूसेवाला की हत्या के लिए हरियाणा और पंजाब से 6 शूटर भेजे गए थे।

### चंडीगढ़ में हुई थी चचेरे भाई की हत्या

गोल्डी बराड़ पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का रहने वाला है। उसका जन्म साल 1994 में हुआ था, उनके माता-पिता ने उनका नाम सतिंदरजीत सिंह रखा था। पिता पुलिस में सब-इंस्पेक्टर थे। वह अपने बेटे को पढ़ा-लिखाकर काबिल बनाना चाहते थे, लेकिन सतिंदरजीत उर्फ गोल्डी ने अपनी अलग राह चुन ली थी। गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की 11 अक्टूबर, 2020 की रात चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित क्लब के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। वह पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र नेता थे।

### भाई के मर्डर के बाद अपराध की दुनिया में हुआ सक्रिय

अपने भाई हत्या का बदला लेने के लिए गोल्डी ने अपराध का रास्ता चुना। वो गैंगस्टरों के संपर्क में आया। उसने जग्गू भगवानपुरिया और लॉरेंस बिश्नोई से मुलाकात की। गोल्डी ने 18 फरवरी, 2021 को गोल्डी ने अपने भाई की हत्या के आरोपी फरीदकोट जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मरवाकर हत्या करवा दी। हत्या के बाद गोल्डी गुपचुप तरीके से छात्र वीजा पर कनाडा भाग गया। पुलिस के पास इसके 5 अलग-अलग वेरिएंट की तस्वीरें हैं। गैंगस्टर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

### गोगामेड़ी की हत्या के लिए तैयार किया था फौजी को

हरियाणा के महेंद्रगढ़ का रहने वाला नितिन फौजी फौज में नौकरी कर रहा था। उसका बड़ा भाई भी फौज में है। छुट्टियों के दौरान वह अपने दोस्त भवानी सिंह उर्फ रोनी के जरिए रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के संपर्क में आया। उन दोनों से मोबाइल पर बात हुई तो उन गैंगस्टर ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मारने का टारगेट दिया। साथ ही कहा कि हत्या के तुरंत बाद नेपाल के जरिए उन्हें विदेश भेज देंगे जहां ऐशो आराम की जिंदगी जी सकेंगे। नितिन फौजी उनके झांसे में आ गया और हत्या करने के लिए तैयार हो गया।

### जयपुर जेल में बंद है रोहित बॉक्सर

रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ ने जयपुर के मालवीय नगर निवासी रितिक बॉक्सर को भी झांसे में लिया। रितिक के जरिए इन दोनों गैंगस्टर ने जयपुर के दुर्गापुरा स्थित जी क्लब के मालिक पर फायरिंग करवाई। पहले 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई। रुपए नहीं देने पर फायरिंग की गई। कुछ दिनों बाद जयपुर पुलिस ने नेपाल बॉर्डर से रितिक बॉक्सर को गिरफ्तार कर लिया।

**सलमान केस:** आरोपी ने कस्टडी में किया सुसाइड

# दरी से फंदा बनाकर लॉकअप के बाथरूम में लगाई थी फांसी

**एजेंसी** | मुंबई

अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग का केस और गहराता जा रहा है। बुधवार को इस मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब इससे जुड़े एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली।

आरोपी अनुज थापन ने अभिनेता के घर के बाहर फायरिंग के लिए हथियार सप्लाई किए थे। अनुज ने क्राइम ब्रांच के लॉकअप बाथरूम में सुसाइड किया है। उसने खुद को लॉकअप के बाथरूम की खिड़की से लटकाने के लिए कपड़े से बने कालीन (दरी) का इस्तेमाल किया।

लॉकअप से लेकर बाथरूम की एंट्री तक की जगह तो सीसीटीवी की निगरानी में है, लेकिन बाथरूम के अंदर जहां उसने फांसी लगाई वहां कोई सीसीटीवी नहीं है। मुंबई क्राइम ब्रांच लॉकअप में अनुज थापन की आत्महत्या के मामले की जांच राज्य की CID करेगी।



### 14 अप्रैल को हुई थी सलमान खान के अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग

सलमान खान के अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग मामले में एक सप्ताह पहले पुलिस ने दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। इसमें 37 वर्षीय सोनू सुभाष चंद्र और 32 साल के अनुज थापन शामिल थे। अनुज लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में था। वो ट्रक हेल्पर के तौर पर काम करता था। मुंबई की क्राइम ब्रांच ने सूरत की तापी नदी से एक पिस्टल और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए थे। ब्रांच का दावा है कि ये वही हथियार थे, जिसका इस्तेमाल 14 अप्रैल को सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के लिए किया गया।

## रामलला के दरबार में राष्ट्रपति मुर्मू



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन करने के बाद वह संध्या आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने मंदिर के अंदर काफी वक्त गुजारा। इसके पहले उन्होंने हनुमान गढ़ी के दर्शन करने के साथ सरयू तट पहुंचकर आरती भी की। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद रहे।

**CBI इन एक्शन**

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी...देशभर में 30 जगह सीबीआई की रेड

- राजस्थान समेत देश के दस राज्यों में सीबीआई की छापेमारी
- जयपुर सहित छह जिलों में संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश
- धोखाधड़ी करने वालों के मोबाइल, कम्प्यूटर व अन्य दस्तावेज किए जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो करेंसी में निवेश करके बड़े फायदे का सपना दिखाकर धोखाधड़ी करने के मामले में बुधवार को सीबीआई ने राजस्थान समेत दस राज्यों में छापेमारी की।

सीबीआई ने प्रदेश में जयपुर समेत छह जिलों में संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश देकर मोबाइल फोन, कम्प्यूटर की हार्ड डिस्क, सिमकार्ड, डेबिट कार्ड समेत अन्य दस्तावेज जब्त किए। सीबीआई ने जयपुर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर व सीकर में सर्च की कार्रवाई की है। देश भर में 30 से ज्यादा ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है।

सीबीआई ने बुधवार को दो निजी कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी शामिल थे। इस योजना में आरोपी आम लोगों से क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करते थे।




### धोखाधड़ी के लिए 150 बैंक खातों का उपयोग

सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि इन आरोपियों ने इस धोखाधड़ी में 150 बैंक खातों का इस्तेमाल किया और निवेशकों से पैसा इन बैंक में लिया गया। शुरुआत में इस पैसे का उपयोग विश्वास बढ़ाने के लिए किया गया था। आरोपियों ने कई निवेशकों को पैसा भी इन बैंक खातों के माध्यम से लौटाया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लालच में आकर निवेश करें। आरोपियों ने बैंक खातों में आए पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर निवेश किया है।

### इन राज्यों में की गई छापेमारी

सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान के जोधपुर, महाराष्ट्र के मुंबई, कर्नाटक में बेंगलुरु के साथ ही तमिलनाडु ,आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और मध्य प्रदेश में अनेक स्थानों पर तलाशी के दौरान, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम और डेबिट कार्ड बरामद किए तथा बड़ी संख्या में ईमेल खातों का पता लगाया।

## जरूरी खबर

### कई जगहों से लिए आईसक्रीम और आइसकैंडी के नमूने



**बेधड़क.जयपुर।** आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर द्वारा संचालित गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम एवं अन्य पेय पदार्थ में मिलावट को रोकने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ. हंसराज भदलिया के निर्देशन में बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा मैसर्स गुरु कृपा एंटरप्राइजेज पालड़ी मीणा पर स्थित फैक्ट्री से आइस कैंडी, मैसर्स न्यू कृष्णा आइस कैंडी लूनियावास से आइस कैंडी तथा मैसर्स क्वालिटी आइसक्रीम आगरा रोड से आइस कैंडी का एक नमूना लिया गया।

### गैरहाजिर रहने वाले कार्मिकों को नोटिस थमाए

**बेधड़क.जयपुर।** निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बुधवार सुबह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय तथा संयुक्त निदेशक जयपुर जोन के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। डॉ. माथुर ने तीनों कार्यालयों के सभी कक्षों में जाकर कार्मिकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। औचक निरीक्षण में 44 चिकित्सा कार्मिक अनुपस्थित मिले। डॉ. माथुर ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय नहीं आने वाले एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निदेशक जनस्वास्थ्य ने इस दौरान विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति एवं क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली।

### रामाज के रिसोर्ट में पहुंचे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर



**बेधड़क.चाकसू।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बुधवार को चाकसू पहुंचे। इस दौरान NH-52 कोथून स्थित रामाज रिसोर्ट में मंत्री नागर ने पत्नी व बच्चों सहित विजिट की। रिसोर्ट के ओनर मोहित टेलर ने मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। मंत्री नागर ने रामाज कुर्तीज के शोरूम से पत्नी व बच्चों के लिए कपड़े भी खरीदे। उन्होंने यहां कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद भी लिया। वे लगभग आधे घंटे तक रिसोर्ट में रुके।

**मतदान दल हुए रवाना, 753 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग**

# अजमेर लोस क्षेत्र के एक पोलिंग बूथ पर पुनर्मतदान आज

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव के तहत अजमेर लोकसभा क्षेत्र में नान्दसी गाँव में एक पोलिंग बूथ पर गुरुवार को होने वाले पुनर्मतदान के लिए मतदान दल रवाना हो गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान गुरुवार 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। मतदान करवाने के लिए मतदान दल बुधवार को अजमेर कलेक्ट्रेट से रवाना हुए। गुप्ता ने बताया कि रवानगी से पूर्व मतदान दलों को तृतीय एवं अन्तिम प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद मतदान सामग्री मतदान दल को सुपुर्द की गई।

प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, पोलिंग ऑफिसर-1, 2 एवं 3 को प्रशिक्षित किया गया। इस पुनर्मतदान के लिए कार्यशील मतदान दल के साथ-साथ एक आरक्षित दल भी प्रशिक्षण उपरांत रवाना हुआ। पुनर्मतदान वाले बूथ पर 753 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### वोटर्स पर्ची बांटी, तैयारी पूर्ण

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता बताया कि मतदान के लिए आवश्यक समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्थानीय बीएलओ द्वारा वोटर्स पर्ची वितरित की गई है। स्वीप दल द्वारा मतदाताओं की मनुहार की गई है। पुनर्मतदान के लिए जागरूक भी किया गया है। संबंधित क्षेत्रा में आचार संहिता के प्रावधानों की पालना की जाएगी। साथ ही धारा 144 लागू की गई है। मतदान तिथि गुरुवार 2 मई को मतदान बूथ पर पंजीकृत समस्त कार्यरत एवं कामगार मतदाताओं के लिए संवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इस दिन बूथ स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदसी में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मतदान समाप्ति तक मतदान केन्द्र में समाहित क्षेत्रों में सूखा दिवस घोषित किया गया है। इस मतदान बूथ की वेबकास्टिंग भी की जाएगी।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में जमा होगी ईवीएम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि मतदान के बाद निर्वाचन सामग्री का संग्रहण राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय माखुपुरा अजमेर में किया जाएगा। सामग्री संग्रहण के तुरंत पश्चात गुरुवार को रात्रि 9 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज माखुपुरा स्थित प्रशासनिक भवन के जिला निर्वाचन कक्ष में मतदान दस्तावेजों की संवीक्षा (स्क्रुटनी) का कार्य निर्वाचन पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। इसमें अभ्यर्थीगण एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

**गुप्त सूचना के बाद एसीबी जयपुर नगर द्वितीय ने की कार्रवाई**

# औचक जांच में वनकर्मियों के पास मिली 1.5 लाख की राशि

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए वन विभाग के पांच कार्मिकों को अरण्य भवन में कार से आते समय आकस्मिक चैकिंग के दौरान रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास 1 लाख 5 हजार रुपए से अधिक की नकद राशि मिली। इसको संदिग्ध रिश्वत राशि मानते हुए जब्त कर लिया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि वन विभाग के कुछ कार्मिक रिश्वत की बड़ी राशि एकत्र कर कार में बूंदी से अरण्य भवन, जयपुर आ रहे हैं। इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी जयपुर नगर द्वितीय इकाई के उप अधीक्षक पुलिस अभिषेक पारीक के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद बुधवार को पुलिस निरीक्षक छोटीलाल ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आकस्मिक चैकिंग की। इस दौरान अरण्य भवन पर संदिग्ध कार को रुकवाया और तलाशी ली।

कार में वन रक्षक राजकुमार शर्मा, रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व बूंदी, वरिष्ठ सहायक शक्ति प्रकाश कार्यालय उप वन सरंक्षक बूंदी, वरिष्ठ सहायक भैरूलाल गोस्वामी कार्यालय उप वन सरंक्षक बूंदी, वरिष्ठ सहायक राम सागर गुर्जर कार्यालय उप वन सरंक्षक बूंदी और सहायक वनपाल महावीर प्रसाद रैगर रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व बूंदी बैठे हुए थे। इनकी तलाशी ली गई तो वन रक्षक राजकुमार शर्मा, रामगढ़ विषधारी टाईगर रिजर्व बूंदी के पास 1 लाख 5 हजार रुपए की संदिग्ध नकद राशि मिली। इस राशि के संबंध में कार्मिकों से स्पष्टीकरण लिया गया तथा मौके पर ही उसकी सत्यता की जांच की गई, तो प्रथमदृष्टया सही नहीं पाए जाने पर संदिग्ध राशि को जब्त कर लिया गया। इस मामले में कार्मिकों से पूछताछ एवं कार्रवाई जारी है। एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच कार्रवाई की जा रही है।




### वनकर्मी नही दे सके उचित जवाब

वनकर्मियों के पास जांच में संदिग्ध राशि मिलने पर टीम की ओर से इसके बारे में पूछताछ की तो वे कोई उचित जवाब नहीं दे सके। कार्मिकों की ओर से एसीबी टीम को जो जवाब दिया गया उसकी मौके पर ही पुष्टि की गई तो उनकी बात गलत निकली। इस पर टीम ने कार्मिकों के पास मिली राशि को जब्त कर लिया।

### गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय टीम ने वन कर्मचारियों के खिलाफ इस कार्रवाई को गुप्त सूचना के आधार पर अंजाम दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि पांच कार्मिकों के खिलाफ एसीबी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि ये कार्मिक रिश्वत की राशि बूंदी से लेकर जयपुर आ रहे हैं। जयपुर नगर द्वितीय टीम को ये सूचना मिलने पर इसकी पुष्टि करवाई गई। इसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्मिको के बूंदी से जयपुर पहुंचने से पहले ही टीम ने पूरा जाल बिछा लिया। ये कार्मिक जैसे ही झालाना स्थित अरण्य भवन पहुंचे तो टीम ने उनकी कार को रोक लिया। इसके बाद जांच की गई तो उनके पास ये संदिग्ध राशि मिली। इसको रिश्वत राशि मानते हुए जब्त कर लिया गया। एसीबी टीम ने पांचों वनकर्मियों को हिरासत में लिया जिनसे पूछताछ की जा रही है।

**राज. हाई कोर्ट प्रशासन ने दिए आदेश**

## जिला जज कैडर के 119 न्यायिक अधिकारियों के किए तबादले




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने एक आदेश जारी करते हुए जिला न्यायाधीश संवर्ग के 119 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें पारिवारिक न्यायालय, मोटर यान दुर्घटना प्राधिकरण और कई जिलों में विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को बदला गया है। रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर की ओर से जारी आदेशानुसार मशरूर आलम खान को जज सीबीआई केसेज संख्या 1 जयपुर महानगर प्रथम, अनिमा दाधिच को जज सीबीआई केसेज संख्या 2 जयपुर महानगर प्रथम के पद पर लगाया है।

इसी तरह नुसरत बानो को जज एमएसीटी संख्या 2 जयपुर महानगर प्रथम, शिव कुमार को जज एमएसीटी संख्या 1 जयपुर महानगर द्वितीय, शिवानी सिंह को जज एनडीपीएस कोर्ट संख्या 2 जोधपुर महानगर, कमल छंगाणी को डायरेक्टर न्यायिक अकादमी से जज पारिवारिक न्यायालय पाली, रेखा भार्गव को जज सीबीआई केसेज जोधपुर महानगर के पद पर लगाया गया है। इसी प्रकार कैलाश चंद्र अटवासिया जज पॉक्सो कोर्ट जयपुर जिला, प्रदीप कुमार मोदी को जज पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 जयपुर महानगर प्रथम, विरेन्द्र कुमार जसुजा को जज पारिवारिक न्यायालय जयपुर प्रथम, सतीश चन्द्र गोदारा को जज पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 जोधपुर महानगर, रेखा शर्मा को जज पारिवारिक न्यायालय संख्या 5 जयपुर महानगर प्रथम, वरुण तलवार को जज पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 जोधपुर महानगर, दलपत सिंह राजपुरोहित को जज पारिवारिक न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर, रणधीर सिंह मिर्धा को ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी फाइनेंस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर ऐट राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ के पद पर लगाया गया है।

इनके अलावा अनु अग्रवाल को जज कमर्शियल कोर्ट संख्या 3 जयपुर महानगर द्वितीय, मुकेश भार्गव को जज कमर्शियल कोर्ट संख्या 2 जोधपुर महानगर, उपेन्द्र शर्मा को जज कमर्शियल कोर्ट संख्या 2 जयपुर महानगर द्वितीय, रुबीना परवीन अंसारी को एडीजे संख्या 3 जयपुर महानगर द्वितीय, राजपाल सिंह एडीजे संख्या 10 जयपुर हेडक्वार्टर सांगानेर जयपुर महानगर प्रथम के पद पर लगाया गया है। वहीं, राकेश रामावत एडीजे संख्या 4 जोधपुर महानगर, विद्या नन्द शुक्ला को एडीजे संख्या 2 जयपुर जिला, राजेन्द्रसिंह जाटव को एडीजे संख्या 2 जयपुर महानगर द्वितीय, दीक्षा को एडीजे संख्या 3 जयपुर जिला, राजेन्द्र बंसीवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, पल्लवी शर्मा को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय, पुखराज गहलोत को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर, मनीषा चौधरी को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला, पवन कुमार जीनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के पद पर लगाया गया है।

**राजपूत समाज प्रतिनिधिमंडल ने की MLA बैरवा से भेंट**

## महाराणा प्रताप पार्क के विकास पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

श्रीराजपूत सभा राजस्थान अध्यक्ष रामसिंह राजावत चंदलाई के नेतृत्व में चाकसू राजपूत समाज प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को विधायक रामावतार बैरवा के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान समाजबंधुओं ने चाकसू कस्बे के वार्ड-17 स्थित महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क के समुचित विकास को लेकर चर्चा की।

वहीं, समाजबंधुओं ने 9 मई को आयोजित होने वाले महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम को लेकर खास चर्चा की। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने बताया कि समाज की ओर से रखी गई कुछ मांगो पर विधायक बैरवा ने सकारात्मक आश्वस्त किया हैं। इस मौके पर राजपूत सभा चाकसू अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गरूडवासी, कोषाध्यक्ष हेम सिंह राठौड़, एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया, कैप्टन मूल सिंह, सूबेदार मेजर शंकर सिंह, रामवीर सिंह राजावत, शंभु सिंह, देवी सिंह आदि गणमान्य समाजबंधु मौजूद रहे।



## अब कांग्रेस प्रत्याशी उचियारड़ा पर केस दर्ज

**जयपुर।** प्रदेश में सभी 25 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी कई जिलों में सियासत चरम पर है। कई जगहों पर मतदान के दौरान हुई घटनाओं को लेकर उम्मीदवार प्रदर्शन कर रहे हैं।

हाल ही में शिव विधायक और बाड़मेर- जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी ने धरना प्रदर्शन किया था। इसे लेकर पचपदरा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वहीं अब फलोदी पुलिस ने भी जोधपुर से कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फलोदी थानाधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर दर्ज किए मामले में बताया गया है कि 17 मार्च को जिला अधिकारी द्वारा जारी निर्देश के तहत बिना अनुमति के किसी तरह का धरना-प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। जबकि करण सिंह सहित अन्य लोगों ने बिना अनुमति के फलोदी वृताधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किय।

उनको हटाने के लिए अधिकारियों ने वार्ता भी की, लेकिन वे मौके से नहीं हटे। मामले की जांच एएसआई भंवरलाल को सौंपी गई है। वहीं मामला दर्ज होने के बाद करण सिंह ने कहा कि यह मामले राजनीतिक द्वेषता के चलते दर्ज किए गए हैं। हम न्याय के लिए संघर्ष करेंगे।

**मामले पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई**

# SI पेपर लीक मामले में निचली कोर्ट का रिकॉर्ड तलब

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, महानगर द्वितीय से पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती-2021 पेपर लीक से जुड़े मामले का रिकॉर्ड तलब किया है।

इसके साथ ही अदालत ने 11 प्रशिक्षु एसआई सहित कुल 12 आरोपियों की हिरासत को अवैध मानते हुए उन्हें रिहा करने के सीएमएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर 6 मई को अंतिम सुनवाई रखी है।

जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका में पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि प्रकरण से जुड़े तथ्यों की सही जानकारी के लिए निचली अदालत का रिकॉर्ड तलब किया जाना चाहिए।

**■ अगली सुनवाई के लिए दी 6 मई की तारीख**



### आरोपियों ने किया था प्रार्थना पत्र पेश

आरोपियों की ओर से अवैध हिरासत बताते हुए निचली अदालत में जो प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, एसओजी के अनुसार उसे पेश करने की तारीख में अंतर है। इसलिए निचली अदालत के रिकॉर्ड को देखकर सही जानकारी मिल सकती है। राज्य सरकार के इस प्रार्थना पत्र का आरोपियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया गया। इस पर अदालत ने निचली अदालत का रिकॉर्ड तलब करते हुए मामले की सुनवाई 6 मई को तय की है।

### निचली अदालत ने दिए थे रिहाई के आदेश

गौरतलब है कि निचली अदालत ने 12 अप्रैल को आरोपी पक्ष के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए माना था कि एसओजी ने आरोपियों को गिरफ्तारी से पहले न तो नोटिस दिया था और न ही गिरफ्तार करने के 24 घंटे के भीतर पेश किया। ऐसे में अदालत ने आरोपियों की हिरासत को अवैध मानते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश दिए थे। इस आदेश को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने 15 अप्रैल को आरोपियों को रिहा करने पर रोक लगा दी थी। आरोपियों की ओर से इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि हाईकोर्ट में याचिका पर एक मई को सुनवाई होनी है। ऐसे में हाईकोर्ट उसे एक सप्ताह में तय करे।

**PHED व भू-जल विभाग में नई व्यवस्था**

## 'मार्क इन' मोबाइल एप से अटेंडेंस सिस्टम लागू

**जयपुर।** जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक त्वरित गति से पहुंचाने एवं सुशासन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग द्वारा अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली के माध्यम से बुधवार से उपस्थिति दर्ज करने की शुरुआत की है।

अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम के पहले दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 4 हजार 863 एवं भूजल विभाग के 573 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित दर्ज की है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति को डिजीटल माध्यम से दर्ज किये जाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा मोबाइल एप विकसित कर इसका संचालन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जीयो फेंसिंग तकनीकी के माध्यम से कार्यालय एवं कार्यस्थल परिसर के दायरे में मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान किया गया है।

## जरूरी खबर

### एसएमएस में चार करोड़ से बनेगी एचएलए लैब



**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में उत्तर भारत की पहली एचएलए (ह्यूमन ल्युकोसाइट एंटीजन) लैब बनाई जाएगी। इस पर करीब चार करोड़ की लागत आएगी। इस लैब के लिए जगह चिह्नित की जा चुकी है। ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग धाकड़ का कहना है कि एचएलए लैब में अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग देने व लेने वाले के मरीजों के टिश्यू मैच कराए जाते हैं। इससे पहले लैब नहीं होने के चलते मैचिंग के लिए डोनर और रिसीवर को प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ता था, जो काफी महंगा पड़ता है। डॉ. धाकड़ का कहना है कि अंगदान के पश्चात अंग प्रत्यारोपण के लिए अत्यावश्यक टेस्ट एचएलए लैब राज्य सरकार के अंगदान कार्यक्रम को तेजी मिलेगी।

### बाल विवाह हुए तो पंच-सरपंच जिम्मेदार

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि प्रदेश में कहीं भी बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि इस संबंध में पंच और सरपंचों को जागरूक किया जाए कि यदि वे बाल विवाह रोकने में विफल रहेंगे तो उन्हें इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा। अदालत ने रजिस्ट्रार, न्यायिक को कहा है कि वह आदेश की कॉपी मुख्य सचिव सहित सभी जिला मजिस्ट्रेट को भेजें। वहीं, अदालत ने मामले में सरकार को जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश बचपन बचाओ आंदोलन व अन्य की जनहित याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 की रिपोर्ट के अनुसार 15 से 19 साल की लड़कियों में से 3.7 फीसदी मां बनी चुकी हैं या गर्भवती हैं।

राजभवन में मनाया गुजरात और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस, राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया लोगों से संवाद

# गौरवमयी संस्कृति और परंपरा से जुड़े हैं गुजरात-महाराष्ट्र

बेधड़क | जयपुर

राजभवन में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान दोनों राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात के भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से ही दोनों ने राष्ट्रीय प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र को स्वाधीनता आंदोलन की उर्वर भूमि बताते हुए सरदार पटेल, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि का



भी स्मरण किया। राज्यपाल ने कहा कि गुजरात में भगवान श्री शिव का पवित्र धाम सोमनाथ है तो यही भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका भी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ गुजरात ने देशभर में अपनी उत्सवधर्मी सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से भी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र को अध्यात्म, दर्शन और संत परम्पराओं की धरती बताते हुए कहा कि संत तुकाराम, स्वामी समर्थ रामदास जी जैसे संतों की इस धरती पर ही शिवाजी, सावरकर, डॉ. भीमराव म्बेडकर जैसे व्यक्तित्वों ने सकारात्मक बदलाव की पहल की।

### संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने का आह्वान

मिश्र ने भारतीय संविधान की उद्देशिका के आरंभिक वाक्य 'हम भारत के लोग' की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य भी प्रदान किए हैं। इनके संतुलन से ही जीवन के उदात मूल्यों से भारत आगे बढ़ा है। उन्होंने संविधान को पवित्र मानते हुए सबको संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए समरसता की भारतीय संस्कृति के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

### स्थापना दिवस अनूठी संस्कृति के संवाहक

उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत राज्यों के स्थापना दिवस विविधता में एकता की हमारी अनूठी संस्कृति के संवाहक हैं। उन्होंने अतीत की परंपराओं को सहेजते हुए दोनों ही प्रदेशों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

RMSC की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने किया SMS का निरीक्षण

# अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता की ऑनलाइन होगी मॉनिटरिंग

बेधड़क | जयपुर

आवश्यक दवा सूची में शामिल शत-प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता के लिए ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इससे दवाओं के उपभोग एवं उपलब्धता की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

यह जानकारी राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बुधवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय में केन्द्रीय औषधि भंडार गृह, लाइफ लाइन ड्रग स्टोर, सब स्टोर एवं दवा वितरण केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति के बेहतर प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्धता को लेकर गाइडलाइन तैयार की जा रही है, ताकि रोगियों को दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की बाधा नहीं आए।

गिरी ने एसएमएस अस्पताल में केन्द्रीय औषधि भंडार गृह के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि दवाओं के उपभोग पैटर्न का नियमित रूप से विश्लेषण करते हुए दवाओं की वास्तविक मांग का प्रस्ताव तैयार किया जाए।



### मशीनों का हो नियमित मेंटीनेंस

गिरि ने कहा कि जांच मशीनों एवं उपकरणों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करें। उन्होंने इस संबंध में एसएमएस अस्पताल के वित्तीय सलाहकार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की समस्या हो तो आरएमएससीएल को अवगत कराएं। साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र बागड़ी को निर्देश दिए कि वे केटीपीएल के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक कर मशीनों एवं उपकरणों के मेंटीनेंस की मॉनिटरिंग करें। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं।

### स्टोर में दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए


गाइडलाइन के अनुसार भंडार गृह एवं सब स्टोर में दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए। दवाओं की अनुपलब्धता से पहले ही इंडेंट जनरेट करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही भंडार गृह से दवा वितरण केन्द्रों पर दवाओं की आपूर्ति सुचारू रूप से की जाए। उन्होंने निकट भविष्य में अवधिपार होने वाली दवाओं का उपयोग पहले करने तथा अवधिपार हो चुकी दवाओं का नियमानुसार डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। गिरि ने निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर पर ई-औषध सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की मांग, आपूर्ति एवं अनुपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फार्मासिस्ट एवं कम्प्यूटर कर्मियों को निर्देश दिए कि दवाओं की उपलब्धता के संबंध में डाटा नियमित रूप से अपडेट किया जाए। साथ ही जिन दवाओं का स्टॉक एक माह के बफर स्टॉक से कम रह जाए तभी उनका इंडेंट जारी करने की कार्रवाई करें।

### वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया

प्रबंध निदेशक ने ओपीडी में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी सहित अन्य विभागों में निःशुल्क दवा वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान रोगियों एवं उनके परिजनों से भी संवाद कर दवाओं की उपलब्धता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि औषधि भंडार गृहों एवं दवा वितरण केन्द्रों पर दवाओं का रख-रखाव नियमानुसार किया जाए। सभी स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

ज्वेलर्स ग्रुप पर दूसरे दिन भी सर्च

# जहां ऑफिस बताए वहां सिर्फ बोर्ड मिले, 2.35 करोड़ कैश जब्त



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के 2 ज्वेलर्स ग्रुप के घर और प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग का सर्च दूसरे दिन भी जारी रहा। इन 2 दिनों में सर्च के दौरान 2 करोड़ 35 लाख रुपए नकद मिले हैं, जिसे जब्त कर लिया गया है। सर्च के दौरान आयकर के अधिकारियों को कई चौंकाने वाली जानकारियां भी मिली है। इस दौरान सामने आया कि एक ग्रुप ने कोलकाता में अपने जो 4 ऑफिस बता रखे हैं, वहां केवल बोर्ड लगे हैं। उनमें कोई काम नहीं होता है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमें जब कंपनी के बताए ऑफिस पर सर्च के लिए पहुंची तो चारों बिल्डिंग में कुछ मजदूर और दीवारों पर जेकेजे ज्वेलर्स के बोर्ड टंगे हुए मिले। जब आईटी की टीम ने मजदूरों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यहां पर किसी भी प्रकार का कोई गोल्ड या अन्य कोई काम नहीं होता है। इस पर आईटी की टीम ने चारों बिल्डिंग में मिले मजदूरों से इसे लेकर शपथ पत्र भी भरवाया। आयकर टीमों को मंगलवार को सर्च के दौरान इन ग्रुप के ठिकानों से बैंक लॉकर की 15 से ज्यादा चाबियां मिली थी। इस पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने ज्वेलर्स ग्रुप के बैंक लॉकर को सर्च करना शुरू किया।

इस दौरान आयकर अधिकारियों को 6 लॉकर मिले। हालांकि कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण इन लॉकर को खोला नहीं जा सका। गुरुवार को इन 6 लॉकरों को आयकर अधिकारी खोलेंगे। आयकर विभाग की टीम ने जयपुर के सभी शोरूम में रखी ज्वेलरी का रिकॉर्ड बना लिया है। इस रिकॉर्ड को ग्रुप के रिकॉर्ड के साथ मैच किया जाएगा।

आईटी से मिली जानकारी के अनुसार कई शोरूम में स्टॉक से ज्यादा गोल्ड मिला। एक बार सभी शोरूम का स्टॉक चेक करने के बाद कंपनी के मालिकों से इसकी जानकारी लेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

आरक्षण व टिकट घर के पास बनाई जा रही है प्याऊ

# जयपुर जंक्शन पर अब यात्री नहीं रहेंगे प्यासे!

बेधड़क | जयपुर

जयपुर जंक्शन पर आरक्षण व टिकट घर के आसपास भी यात्रियों को पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए रेलवे की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर आरक्षण व टिकट घर के पास नई प्याऊ बनाई जा रही है।



स्टेशन निदेशक मिहिरदेव ने बताया कि अब तक स्टेशन प्लेटफॉर्म पर तो पानी की अच्छी सुविधा थी, लेकिन स्टेशन परिसर में आरक्षण व टिकट घर के आसपास पानी की सही सुविधा नहीं थी। ऐसे में यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई प्याऊ बनाई जा रही है। सप्ताहभर में प्याऊ को लोगों के लिए शुरू करवा दिया जाएगा। वहीं, स्टेशन परिसर में इसी माह के अंत तक प्लेटफॉर्म नंबर 4 और 5 पर स्टेशन रीडवलपमेंट प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होने की संभावना है। इसके चलते इन प्लेटफॉर्मों को बैरिकेटिंग कर कुछ हिस्से को यात्रियों के लिए बंद किया जाएगा। स्टेशन प्रशासन की ओर से इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास भेज दिया गया है। जैसे ही वहां से मंजूरी मिलेगी, यह कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस कार्य के तहत स्टेशन बिल्डिंग के मैन एंट्री गेट पर स्थित एक नंबर प्लेटफॉर्म के एफओबी को बंद किया जाएगा। इसके अलावा 70 से अधिक ट्रेन इसके चलते प्रभावित रहेंगी। करीब तीन ट्रेनें भी रद्द भी की जाएगी।

### जागरूकता रैली निकाली



*जयपुर। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बुधवार को यातायात एवं महिला सुरक्षा जागरूक वाहन रैली को फ्लैग दिखाकर रवाना किया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रीति चंद्रा, कुंवर राष्ट्रदीप एवं पुलिस उपायुक्त यातायात सागर ने भी मोटरसाइकिल पर राइडर बन एवं हेलमेट लगाकर 'सुरक्षा मान सम्मान' रैली के साथ-साथ शहर का भ्रमण किया।*
*-फोटो: राजेश कुमावत*

हेरिटेज निगम ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

# घर में बनाए गए सेप्टिक टैंक की सफाई हर तीन साल में कराना जरूरी

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम के 'जागो जयपुर जगमग जयपुर' अभियान के तहत बुधवार को आदर्श नगर जोन में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आमजन को सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के महत्व को समझाया गया।

हेरिटेज नगर निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि आमजन अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक हो, इसके लिए बुधवार को मलासुर कार्यक्रम में सी फार एनजीओ के सहयोग से स्कूली छात्र-छात्राओं ने आदर्श नगर जोन मुख्यालय से एसबीआई बैंक कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



### स्लोगन लिखी तख्तियों से किया जागरूक

अभियान के जरिए लोगों को समझाया गया कि अपने घर में बने सेप्टिक टैंक की सफाई प्रति तीन साल में कराएं, जिससे कि हमारे घरों में बीमारी और संक्रमण नहीं फैले। जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि रैली में विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियों से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता सुबोध कुमार और पीआईयू टीम मौजूद रही।

### उपायुक्त ने किया सब्जी मंडी का निरीक्षण

हेरिटेज निगम के वार्ड 56 में स्थित चांदपोल सब्जी मंडी में उपायुक्त पूजा मीणा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने मंडी के सभी दुकानदारों को कहा कि वे मंडी का गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में डालें। साथ ही ग्राहकों और दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज ना करने के लिए भी समझाया।

# सचिवालय में रखवाए डस्टबिन

हेरिटेज निगम की ओर से बुधवार को शासन सचिवालय में स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव कार्मिक डा. हेमंत गेरा के निर्देशन में अतिरिक्त आयुक्त डा. रौनक बैरागी ने हेरिटेज निगम की ओर से चार श्रेणी में बांटे गए 136 कचरापात्र सचिवालय में रखवाए। अतिरिक्त आयुक्त बैरागी ने प्रमुख शासन सचिव को निगम की ओर से स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान की जानकारी भी दी। इस पर प्रमुख शासन सचिव



डा. हेमंत गेरा ने भी हेरिटेज निगम के कार्यों की सराहना की। हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता का संदेश देने के लिए हेरिटेज निगम की ओर से यह अभियान चलाया गया। बुधवार को शासन सचिवालय में सूखे कचरे के लिए नीला कचरापात्र, गीले कचरे के लिए हरे रंग का कचरा पात्र, घरेलू हानिकारक कचरे के लिए काले रंग का कचरापात्र और सेनेटरी कचरे के लिए पीले रंग का कचरा पात्र को रखवाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मुख्यालय राकेश शर्मा सहित निगम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**जरूरी खबर**

### रिश्ते तार-तार, बड़े भाई ने छोटे पर चलाई गोली



**भरतपुर।** डीग जिले के नंदेरा गांव में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मार दी। छोटे भाई के पेट में गोली लगी है। परिजन उसे लेकर भरतपुर के आरबीएम अस्पताल पहुंचे, जहां उसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। घायल छोटे भाई अनीस ने बताया कि दोनों भाइयों के हिस्से में 2-2 बीघा जमीन आई थी, लेकिन बुधवार को बड़ा भाई फारुख मेरे हिस्से की जमीन को जोत रहा था। जब मैंने उसे रोकना चाह तो, उसने कट्टे से मुझ पर फायर कर दिया।

### नमाज पढ़कर निकले दो युवकों पर फायरिंग

**टोंक।** शहर के व्यस्तम इलाके बहीर में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक ने छर्रे वाली बंदूक से दो युवकों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायल युवकों को सआदत अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों का कहना है कि आदिल नामक युवक ने पहले भी उसे मारने की धमकी दी थी। बुधवार को दोनों युवक नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर निकले थे, इसी दौरान आरोपी ने फायरिंग कर दी। सआदत अस्पताल के पीएमओ डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि युवकों के शरीर से कुछ छर्रे निकाले गए हैं। जांच के बाद और भी छर्रे निकाले जाएंगे। घटना से लोगों में रोष है।

### सेंट्रल जेल के कैदियों ने की जेलर के साथ मारपीट




**बीकानेर।** बीछवाल सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन कैदियों ने जेलर पर हमला बोल दिया। दरअसल जेल में लगातार मिल रहे मोबाइलों को लेकर जेलर अपने सिपाहियों के साथ बैरकों की तलाशी करवा रहे थे। उस दौरान विचाराधीन कैदी मोहम्मद समीर, अफरीद उर्फ गोली खान और शालेह मोहम्मद ने उनके साथ विवाद करते हुए मारपीट कर डाली। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों कैदियों के पास से लगातार मिल रहे मोबाइल फोन को लेकर जेल प्रशासन द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जेलर के साथ मारपीट को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। जेलर सुरजाराम सोनी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**शील की डूंगरी के शीतला माता मंदिर में आयोजित हुआ बूढा बास्योड़ा का मेला, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु**

# माता को ठंडे पकवानों का भोग लगा भक्तों ने मांगी खुशहाली

**बेधड़क** | चाकसू

शील की डूंगरी स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर पर बुधवार को बूढ़ा बास्योड़ा के मेले का आयोजन हुआ, जिसे छोटा मेला भी कहा जाता है। यह शीतलाष्टमी के लक्खी मेले के ठीक एक माह बाद छोटे मेले के नाम से भरता है।

मेले को लेकर सुबह से ही दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने मंदिर पहुंचे और माता को ठंडे पकवान पुआ, पुड़ी राबड़ी, दही का भोग लगाकर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने माता को भोग लगाने के बाद मंदिर परिसर में बनी धर्मशाला व बारहदरी में भोजन ग्रहण किया। मेला परिसर में बड़ी संख्या में छोटी बड़ी दुकानें भी सजी। यहां से बच्चों के खिलौने, महिला सौन्दर्य की बड़ी संख्या में छोटी-छोटी दुकानों से विभिन्न प्रकार के सामानों की जमकर खरीदारी की गई। मेले को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा माकूल व्यवस्थाएं भी की गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह व थानाधिकारी कैलाश दान सहित अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे। इधर, क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा व पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा ने सभी श्रद्धालुओं को बूढ़ा बास्योडा मेले की शुभकामनाएं दी।





### सृष्टि को रोगमुक्त रखती है मां शीतला

आचार्य पं. जगदीश शर्मा ने बताया कि चैत्र कृष्ण अष्टमी के एक महीने बाद वैशाख कृष्ण अष्टमी को बूढ़ा बास्योड़ा मनाया जाता है। महिलाएं शीतला माता का पूजन कर ठंडे व्यंजन दही, राबड़ी, लापसी, पुआ, पूरी का भोग लगाया जाता है, जिससे मातारानी प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। मान्यता के अनुसार बास्योड़ा पर एक दिन पहले बनाया गया भोजन ही खाया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार ब्रह्माजी ने सृष्टि को रोगमुक्त रखने का कार्यभार देवी शीतला को सौंपा था। ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी भी हैं।

### जयपुर दरबार ने बनवाया मंदिर

ज्योतिष के अनुसार, शीतला अष्टमी के दिन आप कुछ सरल उपाय करके माता को प्रसन्न कर सकते हैं। माता शीतला को चेचक या खसरा जैसे रोगों से मुक्ति दिलाने वाली देवी माना जाता है। इस मौके पर शीलकी डूंगरी पर सुख व आरोग्य की देवी शीतला माता मंदिर पर मेले का आयोजन होता हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर में विराजमान शीतला माता की चौखट पर मत्था टेककर हजारों भक्त अपनी मन्नते पूरी करते हैं। बुजुर्गों के कथानुसार सन् 1912 में जयपुर के महाराजा माधोसिंह के पुत्र गंगासिंह और गोपाल सिंह को चेचक निकली थी। उस समय शीतला माता की पूजा-पाठ करने से यह रोग ठीक हो गया था। इसके बाद शील की डूंगरी पर मंदिर व बारहदरी का निर्माण करवाकर पूजा-अर्चना की गई।

**BSF और पुलिस ने भारत-पाक सीमा के पास से दबोचा**

# बॉर्डर पर तीन संदिग्ध पकड़े पाकिस्तान भेजी थी लोकेशन

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

इन दिनों भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सटे गांवों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। खेतों में गेहूं की फसल कटाई के चलते इन इलाके में अंतरराष्ट्रीय तस्करी की संभावना भी बढ़ जाती है।

अंतरराष्ट्रीय तस्करी की संभावना को देखते हुए बीएसएफ और पुलिस तस्करी को रोकने के लिए सक्रिय है। इसके चलते टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। इसी बीच बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत-पाक की अन्तरराष्ट्रीय सीमा के पास से तीन संदिग्धों को पकड़ा है।

एसपी रमेश मौर्य ने बताया कि बीएसएफ और पुलिस को सूचना मिली कि पाकिस्तान से भारी मात्रा में हेरोइन भारत भेजी जा सकती है। इसकी सूचना मिलने पर बीएसएफ और पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा के आस-पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के गांव बिन्जोर के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।



### नाकाबंदी के दौरान शक होने पर दबोचा


एसपी रमेश मौर्य ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों में से दो व्यक्ति समेजा कोठी थाना क्षेत्र के हैं और एक व्यक्ति पंजाब का निवासी है। गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों ने अपने मोबाइल से पाकिस्तान में किसी को अपनी लोकेशन भेजी थी। बीएसएफ और पुलिस तीनों व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ कर रही है। एसपी रमेश मौर्य ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पुलिस सक्रिय हो गई और भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसे गांव में संयुक्त रूप से नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान मंगलवार रात को तीन व्यक्ति घूमते हुए दिखाई दिए। बीएसएफ और पुलिस के अधिकारियों को जब उन पर शक हुआ, तो उनसे पूछताछ की गई।

### संयुक्त टीम कर रही गहन पूछताछ

पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम सुशील कुमार (23) निवासी समेजा कोठी, रोबिन सिंह (22) निवासी फाजिल्का, पंजाब और सुखविंदर सिंह (27) निवासी समेजा कोठी बताया। तीनों व्यक्तियों पर शक होने पर जब उनसे गहनता से पूछताछ की गई और उनके मोबाइलों की जांच की गई, तो जांच के दौरान पाया गया कि इन्होंने पाकिस्तान में अपनी लोकेशन भेजी है। बीएसएफ और पुलिस तीनों व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

**एसीबी जयपुर टीम ने की कार्रवाई**

# बिल भुगतान के लिए 15 हजार रिश्वत लेते वीडीओ गिरफ्तार






**बेधड़क** | दौसा

जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर की टीम ने ग्राम विकास अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी अब ग्राम विकास अधिकारी के आवास और ठिकानों की तलाशी ले रही है।

एसीबी के इंस्पेक्टर सज्जन कुमार ने बताया कि जयपुर से आई टीम ने जिले के सिकंदरा पंचायत समिति क्षेत्र में स्थित ब्राह्मण बैराड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी नितेश शर्मा के खिलाफ ट्रैप की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी ग्राम विकास अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवादी ने आरोपी ग्राम विकास अधिकारी नितेश के खिलाफ एसीबी जयपुर में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसमें उसने बताया कि आरोपी स्कूल में बने कमरे और नाले निर्माण कार्य के बिल का भुगतान करने की एवज में 32 हजार 500 रुपए की रिश्वत मांगकर परेशान कर रहा था। ऐसे में एसीबी जयपुर के एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया। सत्यापन में परिवादी की शिकायत सही होने पर एसीबी ने इंस्पेक्टर सज्जन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। परिवादी को राशि लेकर आरोपी ग्राम विकास अधिकारी के पास भेजा। परिवादी ने जैसे ही ग्राम विकास अधिकारी नितेश शर्मा को रिश्वत की 15 हजार रुपए राशि थमाई, तभी बाहर खड़ी एसीबी टीम ने ग्राम विकास अधिकारी को दबोच लिया। उससे रिश्वत में ली गई 15 हजार रुपए की राशि भी जब्त कर ली।

**पीछे की सीट पर पैरों से बंधी लहुलूहान मिली गाय**

# निकाला नया फॉर्मूला... अब लग्जरी कार से गोतस्करी

**बेधड़क** | दौसा

जिले दौसा में गौ तस्कर लग्जरी वाहनों से गाय की तस्करी करने का नया फार्मूला इजाद कर चुके हैं। प्रदेश के मेवात इलाकों के सीमावर्ती जिलो में गौ तस्करी के मामले सामने आते रहे और समय समय पर खाकी भी अभियान चलाकर गौ तस्करों की कमर तोड़ने काम करने में जुटी है।

उधर गोतस्करों ने तस्करी करने का नया फार्मूला निकाला है। आमजन लग्जरी कार में सफर करते हैं, लेकिन अब तस्करों ने इससे गो तस्करी करना शुरू कर दिया है। ताजा मामला बुधवार को सामने आया है, जहां जयपुर बाइपास के समीप एक हुंडई एक्सेंट लग्जरी कार लावारिस हालत में मिली थी, इसमें एक लहुलुहान हालत में एक गाय मिली। लावारिस कार में गाय होने की सूचना आमजन ने कोतवाली थाना पुलिस की दी।



इसपर कोतवाली थाना पुलिस मौके पहुंची और घायल अवस्था में मिली गाय को गोशाला पहुंचाया। कोतवाल हीरालाल सैनी ने बताया कि कार में पीछे की सीट पर गाय के पैरों को बांधकर लिटाया हुआ था। अब पुलिस द्वारा इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**भीषण गर्मी में राहगीरों को उपलब्ध कराई जलसेवा**

# सेवार्थ फाउंडेशन ने 5 जगहों पर लगाई प्याऊ

**बेधड़क** | चाकसू

भीषण गर्मी में किसी राहगीर को पीने के लिए ठंडा जल मिल जाए तो कहना ही क्या। चाकसू में तेज गर्मी मे यात्रियों और राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से सराहनीय पहल की गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से चाकसू कस्बे समेत 5 अन्य स्थानों पर ठंडी प्याऊ का शुभारंभ किया गया हैं। इसमें कस्बे के कोटखावदा मोड, फागी मोड, शीतला माता बस स्टैंड, शिवदासपुरा और कोटखावदा में भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा पानी पीने को मिल सके, इसी भावना से ठंडे जल की व्यवस्था की गई है। इन सभी जगहों पर वाटर चिलर प्लांट लगाया गया है। राहगीरों को सुबह 8 से रात 8 बजे तक ठंडा जल मिल सकेगा।




इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों की ओर से बस में बैठे यात्रियों को पानी पिलाया गया। गौरतलब है कि सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से पिछले 7 सालों से ये सेवा की जा रही है।

प्याऊ के अलावा फाउंडेशन के कार्यकर्ता प्रतिदिन शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक बसों, जीप, कारों को रोक कर लोगों को जल पिलाते हैं। फाउंडेशन हर साल एक ठंडी प्याऊ का संचालन बढ़ाने का प्रयास करता है। इसी क्रम में इस बार नई ठंडी प्याऊ कोटखावदा मेंन बाजार में खोली गई है, जिससे लोगो को गर्मी मे ठंडा पानी मिलता रहे।

**मैरिज गार्डन में लगी आग, बुजुर्ग जिंदा जला**

# खुशियां काफूर: पोतियों की डोली उठने से पहले निकला दादा का जनाजा

**बेधड़क** | बूंदी

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के नैनवां रोड पाइप फैक्ट्री के पास स्थित शहनाई मैरिज गार्डन में टेंट में आग लगने से दुल्हनों के दादा की जलकर मौत हो गई। इसके परिवार में शादी की खुशियां काफूल हो गई। हालांकि बुधवार को गमगीन माहौल में शादी समारोह हुआ।

बुधवार अलसुबह रात हुए हादसे के बाद पूरा परिवार बुजुर्ग के शव को लेकर टोडारायसिंह के लिए रवाना हो गया। गमगीन माहौल में बुजुर्ग के शव को सपुर्द दे खाक करने के बाद बुधवार को ही दोनों पौतियों का विवाह किया गया। पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह ने बताया कि टोंक जिले के टोडारायसिंह निवासी ईद मोहम्मद की दो पुत्रियों की शादी एक मई को होनी थी। शाम को बारात आनी थी। इसमें एक की बारात शिवपुरी और दूसरी की सवाईमाधोपुर से आनी थी। इससे पहले ही यह हादसा हो गया।



हादसे में दुल्हनों के दादा 75 वर्षीय लाल मोहम्मद की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात को मेहंदी की रस्म का आयोजन था। इसके बाद सब लोग रात दो बजे करीब होटल के हाल, रूम व सफारी टेंट में जाकर सो गए थे। सुबह 5 बजे के करीब मैरिज गार्डन में लगे एक टेंट के एसी में शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट से करीब आधा दर्जन सफारी टेंट जलकर खाक हो गए।

### टेंट पर गिरी चिंगारियों से लगी आग

दुल्हनों के दादा 75 वर्षीय लाल मोहम्मद और पौता अमन टेंट में सो रहे थे। जैसे ही शॉर्ट सर्किट हुआ आग की चिंगारियां उस पर गिर गई। इससे उसकी आंख खुली तो अमन चिल्लाता हुआ सफारी टेंट से बाहर निकला और परिजनों को जगाया। जहां उसके चाचा शानू ने जलते सफारी टेंट में घुसकर अपने पिता लाल मोहम्मद को खींच कर बाहर निकाला, तब तक वे काफी झुलस चुके थे। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां अस्पताल पहुंचते ही बुजुर्ग की सांस थम गई। इसके बाद बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इससे पहले आग लगने पर फायर ब्रिगेड को भी मौके पर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड आती उससे पहले रिश्तेदार बौरिंग व पानी के केम्परों से आग बुझाने में जुट गए थे, लेकिन आग उनके काबू में नहीं आई। नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

### अधिकारी-जनप्रतिनिधि पहुंचे मौके पर

घटना की सूचना के बाद शहर के उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल, पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह, कोतवाली थानाधिकारी तेजपाल सैनी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। तहसीलदार की ओर से सिटी कानूनगो भी मौके पर पहुंचे हादसे की जानकारी ली। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। मैरिज गार्डन में शादी समारोह में आग की घटना में मौत की सूचना पर कांग्रेस नेता सत्येश शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने भी इस घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

### ट्रेलर पलटा, झुलसने से चालक की मौत



**पाली।** जिले के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र में रामपुरा की ढाणी के निकट ड्राइवर को झपकी आने से दर्दनाक हादसा हो गया। इसके चलते ट्रेलर असंतुलित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। ट्रेलर के सड़क किनारे पलटने के बाद उसमें आग लग गई और चालक ट्रेलर के अंदर ही फंस गया। इसके चलते चालक आग में जिंदा जल गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अजमेर जिले के मसूदा आमीर खान के रूप में की गई है। इधर, दुर्घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है और मृतक के शव को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। शव का पोस्टमार्टम परिजनों के आने पर उनकी मौजूदगी में किया जाएगा। ट्रेलर में सीमेंट बनाने के काम आने वाला सामान भरा हुआ था और पाली की तरफ गुजरात से आ रहा था।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'रिध्मिका-2024' इंटर हाउस गीत और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

# नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

### क्लास 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम में लिया उत्साह से भाग



**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को क्लास 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए 'रिध्मिका-2024' इंटर हाउस गीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के शुरुआत में निर्णायकगणों और अतिथियों का स्वागत किया गया । निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. नीरा जैन, डॉ. स्वाति सक्सेना और वर्षा कुमावत उपस्थित थे । इस प्रतियोगिता की शुरुआत में सभी 6 सदनों के प्रतिभागियों ने संगीत की सुर-लहरियों से पूरा वातावरण संगीतमय कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गीतों के बाद नृत्य प्रतियोगिता के प्रतियोगियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया । निर्णायकगणों ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए हमारे जीवन में गीतों और नृत्यों के महत्त्व को समझाया | विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ऋचा प्रकाश ने अपने संबोधन में सभी प्रतियोगियों की सराहना करते हुए प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया ।

## वार्षिक रिजल्ट समारोह में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा



**जयपुर**। प्रताप नगर स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर में स्टूडेंट्स के लिये सम्मान समरोह भी आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री,महिला मोर्चा हिंदू युवा वाहिनी सुशीला परिहार ,अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ सांगनेर विधान सभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाठक थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आदर्श शिक्षा समिति जयपुर के व्यवस्थापक पुष्कर उपाध्याय थे।

कार्यक्रम में स्वागत परिचय के साथ साथ स्टूडेंट्स द्वारा रंगा -रंग प्रस्तुति भी दी गयी। जिसमें बॉलीवुड गीत के साथ साथ कई फोक गीत संगीत भी शामिल रहे। स्टूडेंट्स ने कई एकल और सामूहिक गीत संगीत की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में 600 स्टूडेंट्स को एक मंच पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के उपाध्यक्ष हेमंत अवस्थी और स्कूल प्रिंसिपल सुनीता पारीक मौजूद रही । कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष हेमंत अवस्थी ने सभी उपस्थिति लोगों को धन्यवाद प्रेषित किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।

जिसमें गीत प्रतियोगिता में रावी सदन ने प्रथम स्थान, गंगा सदन ने द्वितीय स्थान, यमुना सदन ने तृतीय स्थान ने प्राप्त किया।

## Yuva स्टोरीज

### आयोग ने जारी की छह परीक्षाओं की परीक्षा तिथि




**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से बुधवार को 6 विभिन्न परीक्षाओं की परीक्षा घोषित कर दी है। इन परीक्षाओं का आयोजन वर्ष 2025 में 19 जनवरी से 1 जून तक किया जाना प्रस्तावित है। आयोग सचिव ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 19 जनवरी 2025 तथा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय परीक्षा-2024 का आयोजन 16 फरवरी 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा-2024 का आयोजन 23 मार्च 2025 एवं कृषि अधिकारी परीक्षा-2024 का आयोजन 20 अप्रेल 2025 को किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संस्कृत शिक्षा (कॉलेज विभाग) के लिए शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक तथा पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों के लिए परीक्षा का आयोजन 4 से 6 मई 2025 एवं सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य परीक्षा)-2024 का आयोजन 1 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। इन परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम यथासमय जारी कर दिया जाएगा।

### विदेशी MBBS छात्रों के इंटर्नशिप आवेदन शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान मेडिकल काउंसिल ने अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए विदेशी चिकित्सा स्नातक छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

इच्छुक छात्र काउंसिल की वेबसाइट www.rmc-jaipur.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। रजिस्ट्रार डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि छात्र 1 मई से 5 मई के बीच रात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। त्रुटि सुधार 6 मई को शाम 4 बजे तक कर सकेंगे। इंटर्नशिप के लिए सीट आवंटन 9 मई को दोपहर 2 बजे तक होगा तथा ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि 15 मई 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सीटों का आवंटन राजस्थान मूल के विदेशी चिकित्सा स्नातक छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके पश्चात अन्य राज्यों के छात्रों को मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जा सकेगा। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### कृषि संस्थान में डिप्लोमा का हुआ समापन समारोह




**बेधड़क** | जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में बुधवार को डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डिलर्स (देसी) का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह डिप्लोमा राष्ट्रीय कृषि प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद के तत्वाधान से श्याम दुर्गापुरा में आयोजित किया गया। 48 सप्ताह के इस डिप्लोमा में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय बढ़ाने में कृषि आदान विक्रेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सामान्यतः किसानों की समस्याओं का प्रथम समाधान केन्द्र कृषि आदान केन्द्र ही होते है। राज्य में इस पाठ्यक्रम का आयोजन राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (श्याम) दुर्गापुरा के माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं यथा कृषि विज्ञान केन्द्र, परियोजना निदेशक आत्मा आदि पर किया जाता है। देसी पाठ्यक्रम द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं को नवीनतम कृषि तकनीक, योजनाओं की जानकारी एवं कृषि आदानों के व्यापार सम्बन्धी कानूनों की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाता है। कोर्स की अवधि 48 सप्ताह की रखी गई है।

## स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का किया सम्मान

# मेहनतकशों का किया सम्मान तो खिले चेहरे

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रैंड सीकर रोड, राजावास स्थित एन.के पब्लिक स्कूल में क्लास 6 से 12 के स्टूडेंट्स ने स्कूल में काम करने वाले कार्मिकों के सम्मान में विशेष सभा का आयोजन कर अपना सम्मान अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल टीचर विजय लक्ष्मी सैनी के नेतृत्व में क्लास 12 के स्टूडेंट्स द्वारा सभी कार्मिकों का तिलक व बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 से हिमांशी शर्मा ने अंग्रेजी तथा शोनित जांगिड़ व रुद्र प्रताप सिंह नें हिंदी में भाषण देते हुए इस विशिष्ट दिवस का महत्व प्रतिपादित किया।

संगीत विषय की अध्यापिका डॉ. निशा शर्मा के नेतृत्व में एवं कक्षा 11 की विद्यार्थी लक्ष्मी, प्रियांशी तथा हिमांशी के सहयोग से कक्षा 6 से 8 के स्टूडेंट्स ने एक म्यूजिकल एक्ट के माध्यम से बाल मजदूरी की कुरीति के उन्मूलन की भावभीनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्मिकों के सम्मान में स्कूल के अध्यापकों द्वारा किसी की मुस्कुराहटों... गाने पर प्रस्तुत गायन प्रशंसनीय रहा। क्लास 11 तथा 12 के स्टूडेंट्स ने सुंदर चित्रकारी के माध्यम से मजदूर दिवस को पोस्टर्स पर उकेरा।



### मेहनतकश हैं स्कूल के चौथे स्तंभ

स्कूल के प्रबंध निदेशक, डॉ एन सी लूनायच ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के सभी ड्राइवर, दीदी एवं अन्य सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्कूल में सबसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं एवं स्कूल प्रबंधन इन्हें सदैव स्कूल का चौथा एवं सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानता है। निदेशक कुलदीप सिंह ने सभी कार्मिकों का सम्मान करते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि किस प्रकार स्कूल के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी साफ सफाई से लेकर स्टूडेंट्स के स्कूल में आने एवं जाने तक स्कूल में साफ सफाई व स्टूडेंट्स की सुरक्षा का ख्याल रखते हैं ऐसे में इस मेहनतकश वर्ग की प्रशंसा शब्दों में अदा नहीं की जा सकती। स्कूल प्रिंसिपल कविया प्रेमा ने सभी उपस्थित स्कूल कार्मिकों का स्कूल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते रहने के लिए धन्यवाद दिया एवं मंच पर प्रस्तुति देने वाले सभी स्टूडेंट्स का उत्साह वर्धन किया।

### स्लोगन बनाकर दिखाया मेहनत पूर्ण कार्य का दृश्य

कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा 11 से भारती चोपड़ा एवं प्रियांशी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ड्राइवर, दीदी एवं अन्य कार्मिकों के लिए स्कूल प्रबंधन ने नाश्ते की व्यवस्था करवाई। स्टूडेंट्स ने स्लोगन और पोस्टर बना कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मेहनत पूर्ण कार्य को दर्शाया। स्टूडेंट्स ने स्लोगन और पोस्टर बना कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मेहनत पूर्ण कार्य को दर्शाया।

## सच बेधड़क की खबर का असर

# CBEO ने किया जर्जर स्कूल का निरीक्षण



**बेधड़क** | जयपुर

सांगानेर पंचायत समिति की जगन्नाथपुरा राउप्रा विद्यालय में जर्जर कमरों की स्थिति को लेकर अब शिक्षा विभाग जागा है। शिक्षा विभाग के अधिकारी अब मौका स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। गौरतलब है कि राजधानी जयपुर से 20 किलोमीटर दूर स्थित जगन्नाथपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जर्जर भवन को लेकर सच बैधड़क में मंगलवार को 'केसे पढ़ेगा और बढ़ेगा इंडिया, जब स्कूल की बिल्डिंग ही घटिया' नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर पर संज्ञान में लेते हुए बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंन्द्र बसंल एवं पंचायत प्रारंभिक पदेन शिक्षा अधिकारी सुषमा पारीक ने स्कूल परिसर पहुंचकर जर्जर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीबीईओ ने संस्था प्रधान को भवन में अध्यापन के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद सीबीईओ ने एडीपीसी को भवन निर्माण का प्रस्ताव का रिमांइडर दुबारा से भिजवाया।

## युवा IAS अधिकारियों से मुख्य सचिव ने किया संवाद



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण, साफ नीयत और ईमानदारी से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर देती है। पंत बुधवार को शासन सचिवालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा-2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय कर उनसे अनुभव भी पूछे। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस दौरान वर्ष 2023 बैच के राजस्थान कैडर के 9 प्रशिक्षु अधिकारी अक्षत कुमार सिंह, अवुला साईकृष्णा, श्री नयन गौतम, भरत जय प्रकाश मीना, महिमा कसाना, माधव भारद्वाज, रजत यादव, राहुल श्रीवास्तव और सोनू कुमारी उपस्थित रहे।

## अरण्य भवन में टेबल टेनिस कक्ष का उद्घाटन



**जयपुर**। वन विभाग के मुख्यालय अरण्य भवन में नवनिर्मित टेबल टेनिस कक्ष का उद्घाटन हुआ। बुधवार को उदय शंकर, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्पादन, के सी ए अरुण प्रसाद, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुख्यालय, राजस्थान जयपुर ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर सचिवालय और वन विभाग की ओर से प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस मौके पर विभागीय समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद यादव, महामंत्री चेतन कुमार नूनीवाल, महेंद्र गुर्जर, सहायक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष देवी सिंह, रोहित, मनीष, पंकज पारीक, सुदर्शन, पंकज, अनिल शर्मा, राहुल, शैलेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## निर्भया स्क्वॉड ने स्टूडेंट्स को दी सुरक्षा की ट्रेनिंग



**जयपुर**। राजधानी की महिलाओं और बालिकाओं को भी निडर व सशक्त बनाने की दिशा में जयपुर पुलिस की निर्भया स्क्वाड अनूठी पहल कर रही है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए निर्भया स्क्वाड टीम की ओर से भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल करतारपुरा, जयपुर में स्कूल की छात्र-छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक और छात्राएं अपनी स्वयं सुरक्षा कैसे-कैसे कर सकती हैं। इन सभी विषयों के बारे में छात्राओं को ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिससे समाज में निर्भया जैसी घटनाएं न हो। इस ट्रेनिंग के दौरान छात्राओं ने बताया कि वह अब अपनी सुरक्षा करने में खुद सक्षम है। स्कूल जाते वक्त या फिर घर से बाहर किसी काम से जाते वक्त अब उसे किसी भी चीज का डर नहीं रखेंगी

## आरटीई | शिक्षा विभाग ने बढ़ाई आवेदन की तारीख

# 10 मई तक होंगे अब RTE आवेदन, 13 को लॉटरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के 35 हजार से ज्यादा प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए अब स्टूडेंट्स 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा विभाग ने बुधवार को प्रस्तावित राइट टू एजुकेशन (RTE) की लॉटरी को निरस्त कर आवेदन की प्रक्रिया को 10 दिन और बढ़ा दिया है। ऐसे में पेरेंट्स अपने बच्चों के 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के बाद 13 मई को राइट टू एजुकेशन सत्र 2024-25 की ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। इसके आधार पर स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। बता दें कि अब तक RTE के तहत प्रदेश के 31 हजार 112 स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए 8 लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं ।



मालूम हो कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने RTE में आवेदन की आयु गणना 31 जुलाई 2024 तय की थी, जबकि पिछले सत्र में आयु निर्धारण की तारीख 31 मार्च 2023 थी। इसके चलते 1 अप्रैल से 31 जुलाई के बीच जन्म लेने वाले स्टूडेंट्स आवेदन नहीं कर पा रहे थे। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार ने 10 दिन आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ने का फैसला किया है।

### अब यह रहेगा शेड्यूल

- 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
- 13 मई को शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी।
- लॉटरी निकलने के बाद से 20 मई तक आवेदकों (अभिभावकों) को ऑनलाइन ही रिपोर्टिंग करनी होगी।
- 15 मई तक स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन की जांच की जाएगी।
- 21 मई तक पेरेंट्स को डॉक्युमेंट करेक्शन का वक्त दिया जाएगा।
- 1 जून के बाद प्रदेशभर के प्राइवेट स्कूलों में राइट टू एजुकेशन एडमिशन प्रक्रिया के तहत सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स की पहली लिस्ट जारी ।
- 25 जुलाई से 16 अगस्त के बीच राइट टू एजुकेशन एडमिशन प्रक्रिया के तहत सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स की दूसरी लिस्ट जारी होगी।
- पहली और दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद भी शेष रही सीटों के लिए 17 अगस्त से 31 अगस्त के बीच तीसरी और आखिरी लिस्ट जारी की जाएगी।

### वार्ड-गांव का बच्चा उसे प्राथमिकता

RTE कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों को अपने यहां एंट्री लेवल की कक्षा में कुल संख्या में से 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश देना होगा। बाकी 75 प्रतिशत सीटों पर वे फीस लेकर प्रवेश दे सकते हैं। 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश का भुगतान राज्य सरकार देती है। बच्चा जिस वार्ड या गांव का है, उसे अपने क्षेत्र के निजी स्कूल में पहले प्राथमिकता दी जाती है।

### ऑटो रिपोर्टिंग सिस्टम लागू

लॉटरी के बाद अभिभावकों को 5 निजी स्कूलों में से किसी एक स्कूल में ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होती है, लेकिन अभिभावक ऐसा करना भूल जाते हैं। इससे बचने के लिए विभाग ने इस बार ऑटो रिपोर्टिंग का सिस्टम लागू किया है।

# दुनियाभर में मौतों का दूसरा कारण कैंसर



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

गैर संचारी रोग यानी कि एनसीडीज के तहत आने वाले कैंसर को लेकर लैंसेट कमीशन की ओर से हालिया जारी नई रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और 2040 तक हर साल इससे 10 लाख महिलाओं की मौत होने का खतरा है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि 2020 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 78 लाख महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था, जबकि उसी साल इस बीमारी से करीब 6.85 लाख महिलाओं की मौत हो गई थी।

रिपोर्ट कहती है कि दुनिया भर में औसतन हर 12 महिलाओं में से एक को 75 साल की उम्र से पहले ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि 2020 में दुनियाभर में ब्रेस्ट कैंसर के 23 लाख मामले सामने आए थे, जो 2040 तक बढ़कर 30 लाख से अधिक हो सकते हैं।

असल में कैंसर की बीमारी से दुनियाभर में होने वाली मौतें दूसरे स्थान पर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में हैं। साल 2022 में दुनिया में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं, भारत में सालाना बढ़ते कैंसर के मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। कैंसर से भारत में साल 2020 में 7.70 लाख, 2021 में 7.89 लाख और 2022 में 8.08 लाख रोगियों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या साल 2022 में 14.61 लाख रही। वहीं 2021 में यह 14.26 लाख और 2020 में 13.92 लाख रही। भारत के हर 10 में से एक व्यक्ति अपने पूरे जीवनकाल में कैंसर से जूझता है और 15 में एक की मृत्यु इस बीमारी से हो जाती है। भारत में हर साल करीब 15 लाख कैंसर से जुड़े मामले रिपोर्ट किए जाते हैं। आखिर कैंसर क्या है? असल में शरीर में होने वाली असामान्य और खतरनाक स्थिति, जिसमें कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि होती है, उसे कैंसर कहते हैं। भारत में कैंसर के प्रकार में छह तरह के कैंसर ज्यादा होते हैं, जिसमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल है। आसान शब्दों में कहें तो कैंसर शरीर में होने वाली असामान्य स्थिति है, जिसमें कोशिकाएं असाधारण रूप से बढ़ने लगती हैं और बढ़ी हुई चर्बी की एक गांठ बन जाती है, जिसे ट्यूमर कह सकते हैं। यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है। आमतौर पर कैंसर में होने वाले ट्यूमर दो तरह के होते हैं। पहला बिनाइन ट्यूमर और दूसरा मैलिग्नैंट ट्यूमर। मैलिग्नैंट ट्यूमर शरीर के दूसरे हिस्सों में फैलता है, जबकि बिनाइन नहीं फैलता है। सभी कैंसर के लक्षण उसके प्रकार और स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं, लेकिन कुछ अन्य लक्षण भी हैं, जो देखे जा सकते हैं जैसे शरीर का वजन अचानक कम होना या बढ़ना, ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना, त्वचा में गांठ बनना या रंग में बदलाव होना, पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना, आवाज बदलना, जोड़ों-मांसपेशियों में दर्द, घाव ठीक होने में समय लगना, भूख कम लगना, लिम्फ नोड्स में सूजन आदि।

> *"विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में हैं। साल 2022 में दुनिया में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए थे, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारत में सालाना बढ़ते कैंसर के मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है।"*

यूं तो कैंसर होने के पीछे कोई ज्ञात कारण नहीं है, लेकिन कुछ पदार्थ जिन्हें कार्सिनोजन कहा जाता है, वे प्रमुख कारणों में से एक हैं। ये कारक कैंसर होने की संभावना को बढ़ाते हैं। कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों में तंबाकू या उससे बने उत्पाद जैसे सिगरेट, गुटखा या चुइंगम आदि का लंबे समय तक सेवन फेफड़े या मुंह के कैंसर का कारण बन सकता है। लंबे समय तक शराब पीना लिवर कैंसर को बढ़ावा देता है। साथ ही शरीर के अन्य कई हिस्सों में कैंसर के खतरे को बढ़ावा देता है। कैंसर के लिए जीन भी एक प्रमुख कारण है। यदि परिवार में किसी को कैंसर का इतिहास है, तो इस बीमारी के होने की संभावना ज्यादा होती है। कैंसर के ज्यादातर मामलों में ट्यूमर होता है और इन्हें गंभीरता के आधार पर चार स्टेज में बांटा गया है। पहला स्टेज 0, इस स्टेज में कैंसर नहीं होता है, लेकिन शरीर में कुछ असाधारण कोशिकाएं मौजूद हो सकती हैं, जो कभी भी कैंसर की संभावना को बढ़ा सकती हैं। दूसरा स्टेज 1, प्रथम स्टेज में कैंसर का ट्यूमर छोटा होता है। इसमें कैंसर की कोशिकाएं सिर्फ एक क्षेत्र में फैली होती हैं। तीसरा स्टेज 2 और 3, दूसरे और तीसरे स्टेज में शरीर के ट्यूमर का आकार बड़ा हो जाता है और कैंसर की कोशिकाएं अपने पास के स्थित अंगों और लिम्फ नोड्स में फैलती हैं। चौथा स्टेज 4, चौथे चरण में कैंसर अपने आखिरी स्टेज में होता है। इसे मेटास्टेटिक कैंसर भी कहा जाता है। यह स्टेज जानलेवा साबित हो सकता है। इसमें कैंसर दूसरे अंगों तक फैल चुका होता है।

कैंसर का इलाज उसके प्रकार, स्टेज और स्थान के आधार पर किया जाता है। यह डॉक्टर तय करते हैं कि कैंसर के लिए कौन सा उपचार सही है। सामान्य तौर पर कैंसर का इलाज सर्जरी, नॉन-सर्जरी, हार्मोन थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, कीमोथेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि द्वारा किया जाता है। कैंसर के इलाज में सर्जरी द्वारा कोशिकाओं के असाधारण रूप से बढ़ने वाले हिस्से को निकाल दिया जाता है। इसे बायोप्सी तकनीक द्वारा किया जाता है, जब ट्यूमर तक आसानी से पहुंचा जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## ईवीएम पर सर्वोच्च फैसला

# ईवीएम: बना रहेगा सुविधा का मतदान



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *"ईवीएम चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ी पहल है, इससे मतदान तो पारदर्शिता के साथ होता ही है, मतगणना भी त्वरित होती है। अन्यथा मतपत्रों की गिनती में दो से तीन दिन तक लग जाया करते थे। इससे मतगणना में लगे कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना के साथ अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। ईवीएम में पहले यह पता नहीं चलता था कि मतदाता ने जिस प्रत्याशी को वोट दिया है उसी को मिला है, अथवा नहीं? किंतु अब ईवीएम में सुधार कर इस समस्या का समाधान कर लिया गया है।"*

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईवीएम में डाले गए वोट और वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) से मतदान कराने की सुविधा को क्लीनचिट मिल गई है। अदालत ने ईवीएम और वीवीपैट से छेड़छाड़ कर हेराफेरी करने की कुशंकाओं पर पूर्ण विराम लगा दिया है। अतएव मतपत्र से चुनाव कराने की पुरानी पद्धति और वीवीपैट से निकली पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती कराने की मांग से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा है कि 'आंखें मूंदकर केवल शक की बुनियाद पर किसी भी नई व्यवस्था पर सवाल उठाना गलत है।' पीठ ने चुनाव आयोग को इतना जरूर निर्देश दिया है कि चुनाव परिणाम के बाद सिंबल यूनिट को 45 दिन तक सुरक्षित रखा जाए। जिससे यदि कोई उम्मीदवार जांच की मांग करता है तो उसकी मांग की पूर्ति की जा सके। अतएव इस फैसले के परिप्रेक्ष्य में कहा जा सकता है कि अपारदर्शिता की बेहूदी दलीलों और मीडिया में आई खबरों के आधार पर मतदान की इस तकनीकी पद्धति पर सवाल खड़े करना कुतर्क के अलावा कुछ नहीं है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने तो 18 पृष्ठ के अलग से लिखे फैसले में यहां तक कह दिया कि 'हाल के कुछ वर्षों में कुछ निहित स्वार्थों वाले समूहों द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धियों को कमजोर करने के प्रयासों का रुझान बढ़ रहा है। इन कोशिशों को शुरुआत में ही खत्म करना होगा। मतपत्र से मतदान कराने की प्रणाली दोबारा लौटाने का प्रश्न न तो उठता है और न ही भविष्य में उठ सकता है। हां, भविष्य में जनता की मांग पर ईवीएम में सुधार या इससे बेहतर प्रणाली लागू की जा सकती है।' दत्ता के इस कथन से साफ है कि कुछ पूर्वाग्रही समर्थ लोग देश की उस हरेक प्रणाली और उपाय को खारिज करना चाहते हैं, जो अधिकतम पारदर्शी होने के साथ अपनाने में सरल है। इसीलिए भारत की इस चुनाव प्रक्रिया की पूरी दुनिया में तारीफ होती है और दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक देश इस चुनाव प्रणाली को भारत से सीखने के लिए भारतीय अधिकारियों को अपने देश में आमंत्रित करते हैं। अतएव कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जो अपनी हार को छिपाने के लिए ईवीएम का दुष्प्रचार करते हैं, उन्हें स्वयं अपनी नेतृत्व क्षमता का मूल्यांकन करने के साथ मतदाता की बदली मानसिकता को भी समझने की जरूरत है। यदि दल अपने घोषणा-पत्रों में ओबीसी के 27 प्रतिशत निर्धारित आरक्षण में कर्नाटक के सभी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में जोड़कर आरक्षण देने की बात कहेंगे और देश के समृद्ध व व्यवसायी लोगों की कमाई को अन्य लोगों में बांटने की बात करेंगे तो मतदाता इतना तो जनता ही है कि उसका हित किन नीतिगत उपायों में सुरक्षित रहने वाला है? इसलिए कहा जा सकता है कि ईवीएम को निशाना बनाने वाले और राष्ट्रीय उपलब्धियों को कमजोर करने वालों को जनता वोट क्यों दे?

जब मतपेटियों में मतपत्र से वोट डाले जाते थे, तब उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में मतपेटियां लूटने या जबरिया वोट डालने की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने में इतनी हिंसा होती थी कि दर्जनों लोग मौत के घाट उतार दिए जाते थे। गरीबों और दलितों को वोट डालने नहीं दिया जाता था। बाहुबली नेता अपने गुर्गों से इकतरफा वोट डलवा लिया करते थे। लेकिन अब जब तकनीक से जुड़ी ईवीएम से वोट डालने की सुविधा मतदान से वंचित कर दिए जाने वाले लोगों को मिल गई तो इस ताकत से मत-प्रतिशत तो बढ़ा ही वोट हड़पने वाली शक्तियां भी नौ, दो, ग्यारह होती चली गईं। कहा जा सकता है निष्पक्ष मतदान पर विश्वास नहीं करने वाले नेताओं की मंशाओं पर पानी फिर गया। पश्चिम बंगाल में अभी भी ग्राम पंचायत चुनावों में जो मतपत्र से चुनाव होता है, उसमें मतपेटियां लूटने और अनेक प्रकार से धांधली करने के मामले सामने आए है। तय है, ईवीएम चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ी पहल है, इससे मतदान तो पारदर्शिता के साथ होता ही है, मतगणना भी त्वरित होती है। अन्यथा मतपत्रों की गिनती में दो से तीन दिन तक लग जाया करते थे। इससे मतगणना में लगे कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना के साथ अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। ईवीएम में पहले यह पता नहीं चलता था कि मतदाता ने जिस प्रत्याशी को वोट दिया है उसी को मिला है, अथवा नहीं? किंतु अब ईवीएम में सुधार कर इस समस्या का समाधान कर लिया गया है। अब मतदाता जिसे वोट देता है, वह वीवीपैट पर दिखाई देता है।

देश में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो अपना घर और शहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे शहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देश और आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते है कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैं, वहीं मतदान की सुविधा मिल जाए, इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे। क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है।

हालांकि जब भी चुनाव सुधार की दृष्टि से जो भी उपाय सामने लाया जाता है, तो विपक्ष उसका विरोध करता ही है। जब ईवीएम से मतदान अनिवार्य किया गया था, तब भी इसकी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए थे। आज भी जो दल चुनाव में हार जाता है, वह ईवीएम में गड़बड़ी के सवाल उठा देता है। लेकिन यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, क्योंकि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के अभियान चलाए जाने के बावजूद अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत से भी कम देखने में आ रहा है। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की छाया थी, तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिशत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ है, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। अतएव अधिकतम सरलता से किए जाने वाले मतदान के लिए ईवीएम की तरह आरवीएम की सुविधा भी मतदाता को मिलना जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# मुझे चाहिए पुरस्कार



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

शुरू में लिखना शुरू किया तो पांच सात साल बाद पुरस्कार के लिए अकादमी में मैंने एप्लाई किया। मुझे पुरस्कार नहीं दिया गया और जानकार सूत्रों से पता चला कि मैं जो साहित्य लिख रहा हूं वह स्तरीय नहीं है तथा मुझे और अच्छा लिखने को कहा गया। चूंकि मुझे पुरस्कार लेना था, अतः मैं अच्छा लिखने की ओर प्रवृत्त हो गया।

मैं पुरस्कार के प्रति सीरियस था। अतः पांच साल अच्छा लिखने के बाद मैंने अकादमी में फिर एप्लाई किया, तो मुझे पुरस्कार नहीं मिला। जानकार सूत्रों ने मुझे बताया कि अभी मेरी उम्र पुरस्कार लायक नहीं है। उनका सुझाव था कि कम से कम उम्र पचास तो होनी चाहिए। मुझे बड़ी निराशा हुई कि अभी पचास में तो बड़ा समय शेष है। दरअसल मैंने पुरस्कार को अपने लेखन की मान्यता की मोहर समझ रखा था। बिना पुरस्कार के मुझे लगता था-जैसे मेरा लेखन बेकार है। इसलिए मैंने गंभीरतापूर्वक अच्छा लेखन किया, जिसके परिणाम स्वरूप मुझे अपनी विधा में प्रसिद्धि मिली, मान मिला और पहचान भी मिली, लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। मैं पुरस्कार के लिए बेकरार था। उधर अकादमी मुझे टरकाने में लगी थी। इसलिए उसने इस बार उम्र का सहारा लिया और वाकई पुरस्कार बुजुर्गवार को दे दिया गया। मुझे ठंडे छींटें लगे-चलो पुरस्कार सही दिया गया है। किसी नए आदमी को नहीं दिया गया।

लेकिन कई बार मैं सोचता हूं कि पुरस्कार प्रतिभा को दिए जाते हैं अथवा आदमी की उम्र को। जब मैं अच्छा लिख रहा हूं तो मुझे मिल जाना चाहिए था। मन में बेचैनी थी। साहित्यकार गुरु घंटाल जी की शरण में गया। मैंने कहा-'यह क्या लफड़ा है। अब उम्र की दलील दी जा रही है मेरे मामले में। पुरस्कार जरूरी है, मेरी आंखें खोलिए। क्या करना चाहिए मुझे?'

साहित्यकार गुरु घंटाल जी घुटे हुए हैं, मंद मुस्कान के साथ बोले-'देखो, तुम पागल हो, क्यों लिखे जा रहे हो, साहित्य और वह भी अच्छा। पुरस्कार ऐसे नहीं मिला करते हैं। मेरी जिज्ञासा और जगी-'तो फिर कैसे मिलता है? मैंने अच्छा लिखा है और पुरस्कार के लिए यही सबसे बड़ी योग्यता भी है।

गुरु घंटाल ने आंखें चौड़ी की और कहा-'ये बाल हमने यों ही सफेद थोड़े ही किए हैं। ऐसा करो, जो लिख लिया वह तो ठीक है, लेकिन सबसे पहले तो तुम लिखना बंद करो। अकादमी की सबसे बड़ी परेशानी यही तो है कि तुम उनके पुरस्कार के बिना ही प्रसिद्ध हो गए हो। लिखने से तुम्हारा आभा मंडल काफी बड़ा हो गया है और इसका ज्यादा बड़ा होना नुकसानदायक होता है।' मैंने कहा-'पुरस्कार के लिए लिखने की सलाह सब देते हैं, लेकिन आप यह नहीं लिखने की एकदम नई बात बता रहे हो। नियमित रूप से लिखने में क्या बुराई है।'

वे बोले-'पुरस्कार लेना है तो मेरी सुनो और अपनी बकवास बंद करो। देखो भैया, साहित्य की राजनीति करो राजनीति। बिना राजनीति के पुरस्कार तुम्हें अगले पच्चीस वर्षों में भी नहीं मिलेगा।'

'यह क्या होती है साहित्य की राजनीति?' मैंने पूछा तो वे बोले-'जल्दबाजी मत करो। साहित्य की राजनीति दो प्रकार की होती है। एक तो चमचागिरी के माध्यम से, दूसरी विरोध जताकर। अब तुम अपने आपको तौल लो कि चमचागिरी ठीक रहेगी या विरोध कर सकते हो। अखबारों में खुलकर लिखो। जो कुछ हो रहा है उस पर कलम चलाओ। साहित्य लिखने की एवज समाचार लिखो। लोगों को थोड़े ही दिन में पता चल जाएगा कि तुम काफी प्रतिभाशाली आदमी हो और वे उस प्रतिभा के कायल हो जाएंगे। इसलिए अपने घर जाओ और पुरस्कार प्राप्ति का यह रामबाण आजमाओ।

चमचागिरी में कोई रिस्क नहीं है और यह मक्खनबाजी आसानी से की भी जा सकती है।' मेरी आंखें खुली की खुली रह गई। घर आकर पहले तो साहित्य का काठ कबाड़ बांधा और उसे चारपाई के नीचे सरकाया। पत्नी से कहा- 'जरा एक कप गर्म चाय बनाओ। मुझे एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेना है।' वह भी सकते में आ गई। उसने मुझे इस रूप में नहीं देखा था। मैं इस समय चाय पी रहा हूं और यह सोच रहा हूं कि चमचागिरी करूं या विरोध। अभी कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है, लेकिन मुझमें एक आत्मविश्वास बन गया है कि मुझे अब पुरस्कार मिल जाएगा, क्योंकि मैंने लिखने की बेवकूफी बंद कर दी है और पुरस्कार के लिए राजनीति शुरू कर दी है। उम्र की सब्र मुझमें है नहीं, मुझे पुरस्कार चाहिए केवल पुरस्कार, ताकि मैं प्रतिभाशाली कहला सकूं।

## नॉलेज कॉर्नर: वर्ष 1776 में डेयरी उद्योग में काम करने वाले लड़के पर किया प्रयोग

# एडवर्ड जेनर ने बनाया था पहला टीका

कोरोना की वैक्सीन कोविशील्ड से टीटीएस बनने के बाद हार्ट अटैक जैसे खतरे की खबरें इन दिनों चर्चा में हैं। ऐसे में लोगों के मन में वैक्सीनेशन को लेकर सवाल उमड़ रहे हैं। वैक्सीनेशन शब्द लैटिन भाषा के वैक्सीनस से बना है, जिसका अर्थ होता है गाय या उससे संबंधित। अंग्रेज वैज्ञानिक जेनर ने 1776 में पाया कि जो महिलाएं डेयरी उद्योग में काम करती हैं और वे काऊ पॉक्स से संक्रमित होती हैं, लेकिन उन्हें चेचक नहीं होता। अपनी अवधारणा को साबित करने के लिए उन्होंने फार्म में काम करने वाले एक युवा के बाएं हाथ में चीरा लगाकर उसे काऊ पॉक्स के विषाणुओं से संक्रमित कर दिया। इस संबंध में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ऐसे काम करता है टीका

टीका प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करके शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली को सक्रिय करने का काम करता है। इसके चलते जब बाहरी रोग शरीर में घुसने की कोशिश करता है तो हमारी प्रतिरक्षी तंत्र उसे मार भगाता है। अगर उसके खात्मे में अक्षम साबित होता है तो कम से कम उसके असर को कम कर देता है। ज्यादातर टीके वायरल रोगों से निपटने के लिए तैयार किये जाते हैं लेकिन कुछ का निर्माण कैंसर के इलाज और रोकथाम में भी किया जाता है। सांप काटने के इलाज के अलावा नशामुक्ति के लिए भी टीके तैयार होते हैं। वैक्सीनेशन शब्द लैटिन भाषा के वैक्सीनस से बना है। जिसका अर्थ होता है गाय या उससे संबंधित। हालांकि 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में फ्रांस के महान माइक्रोबॉयोलाजिस्ट लुई पाश्चर ने जर्म थ्योरी ऑफ डिजीज दी। इसी बुनियाद पर उन्होंने चिकेन पॉक्स, कॉलरा, रैबीज और एंथ्रेक्स के टीके विकसित किए।



### एंटीबॉडी महत्वपूर्ण

वायरल रोग जिनके चलते होते हैं उन पैथोजेन को एंटीजेन कहा जाता है। मानव शरीर इन एंटीजेन से लड़ने के लिए एक खास किस्म का प्रोटीन बनाता है जिसे एंटीबॉडी कहते हैं। यही एंटीबॉडी एंटीजेन का काम तमाम करने में सक्षम होता है। शुरुआत में शरीर में एंटीबॉडी के निर्माण की गति धीमी होती है। हमारे शरीर में एंटीबॉडी के निर्माण की दर और पैथोजेन के पुन: उत्पादन की रफ्तार में जो जीतता है, वही विजयी होता है। यानी अगर एंटीबॉडी पैथोजेन की तुलना में ज्यादा बन रही है तो आप बीमार नहीं होते हैं, लेकिन अगर हालात प्रतिकूल हैं तो आपको बीमार होने में देर नहीं लगेगी।

### ऐसे बनाया पहला टीका

*टीकाकरण का इतिहास अंग्रेज चिकित्सक एडवर्ड जेनर ने के समय से शुरू होता है। हालांकि जेनर ने सर्वप्रथम चेचक के लिए जिस पर लड़के पर प्रयोग किया, उसे चेचक नहीं हुआ। इस बात की पुष्टि के बाद उन्होंने चेचक का टीका बनाया। इससे पहले बीमारी महामारी के रूप में लाखों लोगों का जीवन लील जाती थी।* कंटेंट: बजरंग बुनकर



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
किसी में भी संविधान को बदलने और आरक्षण खत्म करने की ताकत नहीं है... नामांकन सह आशीर्वाद सभा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र (झारखंड)'

पश्चिम बंगाल में चुनावी घमासान के बीच अपनों की बेगानी टिप्पणी से गरमाई सियासत

# अधीर रंजन चौधरी ने कहा...TMC के बजाय BJP को वोट देना बेहतर

एजेंसी | कोलकाता

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासी घमासन तेज हो गया है। प्रतिद्वंद्वी और सहयोगी दलों के बीच भी सियासी वार पलटवार हो रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की रार फिर सामने आ गई है।

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और बहरामपुर से पार्टी के उम्मीदवार अधीर चौधरी के एक वीडियो क्लिप को शेयर कर



राज्य में भाजपा-वाम-कांग्रेस की 'मिलीभगत' का आरोप लगाया है। वीडियो में अधीर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तृणमूल के बजाय भाजपा को वोट देना बेहतर है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर राज्य में सियासत गरमा गई है।

चौधरी मंगलवार को जंगीपुर से कांग्रेस प्रत्याशी मुर्तजा हुसैन के समर्थन में एक एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उस बैठक में माकपा के राज्य सचिव और मुर्शिदाबाद केंद्र के वामपंथी उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर तृणमूल की ओर से जारी किए गए वीडियो में अधीर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं- तृणमूल को वोट देने से बेहतर है भाजपा को वोट देना चाहिए। कई तृणमूल सांसदों और नेताओं ने एक्स पर क्लिप पोस्ट शेयर कर इसे अधीर और भाजपा का कनेक्शन बताया। यहां तक कि कांग्रेस की सहयोगी पार्टी सीपीएम को भी इसमें शामिल किया गया है।

### कांग्रेस व वाम दलों के बीच है गठबंधन

बता दें कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, हालांकि कांग्रेस का लेफ्ट पार्टियों के साथ गठबंधन हुआ है और कांग्रेस ने वाम दलों के लिए 12 सीटें छोड़ी हैं। इन 12 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं उतारे हैं। वहीं, भाजपा और टीएमसी राज्य की सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। ममता बनर्जी कांग्रेस, भाजपा और लेफ्ट पर एक-दूसरे का मदद करने का आरोप लगाती रही हैं।



### TMC: घोष को महासचिव पद से हटाया
### बीजेपी प्रत्याशी को सराहा, पद गंवाया

**कोलकाता।** लोकसभा चुनावों के बीच पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया है। पार्टी ने बुधवार को एक बयान जारी कर इसकी घोषणा की। घोष ने बुधवार को उत्तर कोलकाता से भाजपा प्रत्याशी तापस राय को योग्य उम्मीदवार बताकर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी। टीएमसी ने बयान में है कि कुणाल घोष कई ऐसी बातें कह रहे हैं जो पार्टी के विचारों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी था कि वह जो कह रहे थे, वह पूरी तरह से उनकी निजी राय थी। इसका पार्टी की विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं है।

## जरूरी खबर

### संजय निरुपम शिवसेना (शिंदे) में हो सकते शामिल



**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासी समीकरण लगातार बदल रहे हैं। कांग्रेस से निष्काषित संजय निरुपम राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। शिंदे ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद इसकी घोषणा की है। इस बैठक में निरुपम भी मौजूद थे। निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किया गया था । वह 2009 के चुनावों में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। उस समय उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया था।

### अमेठी-रायबरेली से प्रत्याशियों की घोषणा आज संभव



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की अमेठी व रायबरेली लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर जारी सस्पेंस अब जल्द खत्म होने की उम्मीद है। कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अमेठी और रायबरेली सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने का अधिकार दे दिया है। खरगे नाम पर फैसला लेंगे और इसका ऐलान अगले 24-30 घंटे में हो जाएगा। रमेश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी देर नहीं हुई है। जब उनसे नामों के ऐलान में देरी के पीछे किसी डर के बारे में पूछा गया तो जयराम रमेश ने कहा कि कोई डर हुआ नहीं है।

गुजरात के चुनावी दौरे पर पीएम मोदी, कांग्रेस पर साधा निशाना

# मेरा मजाक उड़ाते थे... 400 सीटों से चालीस पर आ गए

एजेंसी | बनासकांठा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने गृह राज्य गुजरात में चुनाव प्रचार अभियान को गति दी। वे यहां दो दिन में छह चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। अपने प्रचार अभियान के पहले दिन उन्होंने बनासकांठा और साबरकांठा में विजय विश्वास सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा। ये मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन देश ने उनकी इस हरकतों को ऐसा जवाब दिया कि जो कभी 400 सीट लेकर बैठते थे वो 40 सीट पर आ गए। ज्ञात रहे कि गुजरात में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को 25 सीटों पर चुनाव होना है। सूरत सीट पर भाजपा पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी है। भाजपा लगातार सभी 26 सीटों परजीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी है।

पीएम मोदी ने 2019 के चुनाव को याद करते हुए भी कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि 2019 में उन्होंने कोई सबक नहीं लिया और कहा- चौकीदार चोर है और मोदी खून की दलाली करता है। भांति-भांति के झूठ फैलाए, लेकिन जनता ने फिर उनका ये हाल कर दिया कि वो अधिकृत रूप से विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रहे।' पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों का उल्लेख किया और कहा मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं गारंटी लेकर आया हूं और मेरी गारंटी है कि आने वाले मेरे तीसरे कार्यकाल में मैं हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा। जब देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तब उसकी समृद्धि, सामर्थ्य और उसका लाभ, वर्तमान पीढ़ी को भी मिलेगा और आपकी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।'



### धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने दूंगा

गुजरात से पीएम मोदी ने कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया और आरक्षण को लेकर जमकर बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन ले। ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है- मैं कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब... उनको जो आरक्षण मिला है, संविधान के तहत मिला है। बाबा साहेब के आशीर्वाद से मिला है। उसमें रत्ती भर भी कोई लूट नहीं सकता है। मैं चुनौती देता हूं, कांग्रेस की हिम्मत है तो घोषणा करके देख ले।

### प्राण प्रतिष्ठा न्योता ठुकरा कर कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति की

प्रधानमंत्री मोदी ने साबरकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग देश को डराते थे कि राम मंदिर बनेगा तो देश में आग लग जाएगी, लेकिन राम मंदिर शान से बनकर तैयार हुआ और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई। देश ने इसे उत्सव के रूप में मनाया। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा दिया। वोट बैंक की राजनीति में ये इतने डूबे हुए हैं कि अपना संतुलन खो बैठे हैं। ये कहते थे कि जम्मू-कश्मीर से अगर धारा 370 हटेगी, तो देश टूट जाएगा, खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन उनको ये पता नहीं है कि ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में आन-बान-शान से तिरंगा लहरा रहा है। देश में हमारी मुस्लिम बहनें, वोट बैंक की राजनीति का शिकार हुईं हैं। शहबानो केस में इन्होंने (कांग्रेस) सुप्रीम कोर्ट का अपमान करके कानून बना दिया और मुस्लिम बहनों को संरक्षण नहीं दिया. आज कांग्रेस के शहजादे संविधान लेकर घूम रहे हैं। जबकि तीन तलाक खत्म होने से न सिर्फ मुस्लिम बहनों को सुरक्षा मिली, बल्कि इससे पूरे परिवार को सुरक्षा मिली है।

ममता को EVM से छेड़छाड़ की आशंका

# मतदान के ताजा आंकड़ों को लेकर किए सवाल

### विपक्षी दलों से ईवीएम पर नजर रखने का आग्रह

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईवीएम से छेड़छाड़ आशंका जताई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी आशंका है कि भाजपा चुनाव परिणामों में छेड़छाड़ कर सकती है क्योंकि कई ईवीएम गायब हैं। उन्होंने देश के सभी विपक्षी दलों से ईवीएम मशीनों का हिसाब-किताब रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि देश में 19 लाख ईवीएम गायब हैं। भाजपा अब उनका इस्तेमाल कर रही है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत में अचानक वृद्धि चिंता पैदा कर रही है। उन्होंने यह बात बहरामपुर में तृणमूल उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के समर्थन में प्रचार के दौरान कही। ममता ने चुनाव आयोग की वोट प्रतिशत गणना पर संदेह जताते हुए कहा,



मैं किसी को दोष नहीं दे रही हूं। आयोग से मेरा अनुरोध है कि लोगों के हित में लोकतंत्र की रक्षा करें। ममता बनर्जी ने कहा कि आखिर इतने दिनों बाद कैसे चुनाव आयोग वोटिंग प्रतिशत के आंकड़ों में बदलाव कर रहा है। आखिर इसका क्या मतलब है?

दरअसल चुनाव आयोग ने 19 और 26 अप्रैल को हुए दो चरणों के मतदान का डेटा मंगलवार शाम को एक बार फिर से अपडेट किया था। चुनाव आयोग के अनुसार पहले राउंड में 66.14 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। इससे पहले यह आंकड़ा कम बताया जा रहा था। इसी को लेकर ममता बनर्जी ने सवाल उठाए हैं।

क्षत्रिय समाज की नारजगी दूर करने में जुटी भाजपा

# रूपाला ने फिर मांगी माफी कहा- मुझसे गलती हो गई

एजेंसी | अहमदाबाद

गुजरात में लोकसभा चुनावों के बीच क्षेत्रीय आंदोलन की आंच का सामना कर रही भाजपा जहां डैमेज कंट्रोल में जुटी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भाजपा प्रत्याशी पुरूषोत्तम रूपाला ने फिर एक बार अपने बयान पर माफी मांगी है।

रूपाला ने प्रचार के दौरान एक सभा में कहा कि मुझसे गलती हो गई, 18 घंटे देश की सेवा करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ क्षत्रिय समाज का खड़ा होना ठीक नहीं है। रूपाला के क्षत्रिय समाज



को लेकर दिए गए बयान पर 23 मार्च से विरोध हो रहा है। क्षत्रिय समाज ने भाजपा से रूपाला की टिकट वापस लेने की मांग की थी, लेकिन भाजपा ने रूपाला की टिकट वापस नहीं ली। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुजरात में क्षत्रिय समाज की तरफ से रथ रवाना किए गए हैं तो वहीं दूसरी तरफ राज्य में क्षत्रिय समाज पिछले कई दिनों से अलग-अलग तरीके से विरोध भी जता रहा है। इस सब के बीच, रूपाला ने फिर एक बार माफी मांगी है और कहा कि क्षत्रियों का देश के लिए बड़ा योगदान है। कांग्रेस ने इस पूरे विवाद के बाद रूपाला के खिलाफ राजकोट से परेश धानाणी को मैदान में उतारा है।

रूपाला ने राजकोट के जसदण में एक सभा में कहा कि मुझसे जो गलती हुई उसके लिए मैं माफी मांगता हूं।

चुनाव सभा में कांग्रेस नेता ने सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर साधा निशाना

# असम में माफिया राज: प्रियंका गांधी

एजेंसी | गुवाहाटी

असम में 'माफिया राज' होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा राज्य में अनेक घोटालों में शामिल हैं। धुबरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि असम में जमीन, सुपारी, रेत, कोयला और अन्य सभी क्षेत्रों में माफिया काम कर रहे हैं। हर जगह जबरन वसूली हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों की संपत्तियां, पीपीई किट और फ्लाईओवर समेत सभी तरह के घोटाले और लगातार गौ तस्करी हो रही है, लेकिन केवल एक चीज नहीं हो रही है और वह



राज्य में विकास। प्रियंका ने दावा किया कि सीएम सरमा का राज्य में एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के नेता बदरुद्दीन अजमल से उसी तरह 'गुप्त समझौता' है जिस तरह भाजपा का तेलंगाना में असदुद्दीन ओवैसी के साथ है और इन दोनों दलों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है। उन्होंने कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके लिए वोट मांगे और फिर उन्हें देश छोड़ने से नहीं रोका।

प्रियंका ने कहा कि सरमा जब कांग्रेस में थे तो उनके खिलाफ आरोप थे लेकिन वह 'भाजपा की वॉशिंग मशीन' में साफ हो गए। प्रियंका गांधी धुबरी से लोकसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस विधायक रकीबुल हसन के लिए प्रचार कर रही थीं। उनका मुकाबला बदरुद्दीन अजमल और भाजपा समर्थित असम गणपरिषद के उम्मीदवार तथा पूर्व विधायक जाबेद इस्लाम से है।

### चुनावी बॉन्ड पर साधा भाजपा पर निशाना

कांग्रेस नेता ने चुनावी बॉन्ड के मुद्दे पर भी भाजपा पर निशाना साधा और इसे मोदी द्वारा शुरू की गई भ्रष्टाचार योजना करार दिया। सत्तारूढ़ दल पर अकूत संपदा एकत्र करने का आरोप लगाते हुए प्रियंका ने कहा, भाजपा केवल 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई। प्रियंका ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी आम जनता की हकीकत से बहुत दूर हैं, उन्हें लोगों की परेशानियों का कोई अंदाजा नहीं है और वह 'अहंकारी' हो गए हैं।

उत्तर प्रदेश की चुनावी डायरी

# तीसरे चरण में मुलायम परिवार की अग्निपरीक्षा, तीन प्रत्याशी हैं मैदान में

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान से पूर्व सियासी घमासान तेज हो गया है। समाजिक समीकरण साधे जा रहे हैं। इस चरण में मुलायम सिंह यादव के कुनबे की सियासी ताकत की परीक्षा तो है ही भाजपा के सामने भी अपना पिछला प्रदर्शन दोहरान की चुनौती है।

राज्य में तीसरे चरण में 7 मई को 10 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 10 में से आठ सीटें जीती थी जबकि संभल से शफीकुर्रहमान बर्क और मैनपुरी से दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने



जीत दर्ज की थी। मुलायम सिंह के बाद अब परिवार की सियासी कमान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथ में है और कुनबा एजजुट है। इस बार लोकसभा चुनाव में मुलायम के परिवार के तीन सदस्य तीसरे चरण में चुनाव मैदान में हैं।

### चुनावी समर में मुलायम परिवार

### मैनपुरी: डिंपल यादव के सामने भाजपा ने की तगड़ी व्यूह रचना



मैनपुरी समाजवादी पार्टी की सबसे सुरक्षित सीटों में शामिल है और अब यह यादव परिवार के लिए सबसे प्रतिष्ठित मुकाबले में उलझी है। समाजवादी पार्टी करीब तीन दशक से इस सीट पर काबिज है। इस बार पार्टी ने यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। डिंपल मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सांसद चुनी गईं थी। सपा के सामने इस सीट पर जीत के रिकॉर्ड को कायम रखने की चुनौती है।

### बदायूं: भाजपा से सीट छीनने की चुनौती



वहीं, बदायूं सीट को भी सपा की वर्चस्व वाली सीटों में माना जाता है। 2009 व 2014 में सैफई परिवार के धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद चुने गए थे। इस बार भी सपा ने इस सीट से मुलायम परिवार के सदस्य को ही प्रत्याशी बनाया है लेकिन इससे उसने दो बार अपने ही परिवार के सदस्यों को उम्मीदवार बनाकर बदल डाला। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार पहले तो चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया लेकिन बाद में उन्हें आजमगढ़ से प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके बाद उन्होंने चाचा शिवपाल यादव को यहां से प्रत्याशी घोषित किया। इसके बाद शिवपाल यादव को भी बदल दिया। उनकी जगह उनके पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया। कहा जाता है कि स्थानीय नेताओं की मांग पर आदित्य को टिकट दिया गया है। सपा के सामने इस बार भाजपा से दुर्विजय सिंह शाक्य प्रत्याशी हैं। बसपा से मुस्लिम खान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा यह सीट सपा से छीनने में सफल रही थी।

### फिरोजाबाद में खोई साख वापस पाने की जद्दोजहद में सपा

फिरोजाबाद संसदीय सीट समाजवादी पार्टी 2019 के चुनाव में कुनबी की कलह के बीच हार गई थी। 2019 के चुनाव में शिवपाल यादव सपा से अलग होकर मैदान में थे। वह अपनी तत्कालीन पार्टी प्रसपा से इसी सीट से उम्मीदवार थे। इसी कलह के चलते सपा प्रत्याशी अक्षय यादव को करीब 28 हजार मतों से हार का सामना करना पड़ा था। शिवपाल यादव 91 हजार से अधिक वोट पा गए थे और भाजपा प्रत्याशी चंद्रसेन जादौन वहां से विजयी हो गए थे। अब सपा के सामने इस सीट को जीतने की चुनौती है। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव सपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामगोपाल यादव के पुत्र हैं।



### भाजपा के सामने है कड़ी चुनौती

इन सीटों के अलावा बरेली, फतेहपुर, आंवला, हाथरस, एटा,संभल और आगरा लोकसभा क्षेत्र में इसी चरण में मतदान होना है। संभल को छोड़कर इन सभी सीटों पर वर्तमान में भाजपा के सांसद हैं। भाजपा के सामने अपनी इन सभी सीटों को फिर से जीतने की चुनौती है। इन सीटों पर इंडिया गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में जीएसटी संग्रह अपने सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए दो लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए रहा जो पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.4 प्रतिशत अधिक है। इस साल अप्रैल से पहले जीएसटी का सबसे अधिक संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपए पिछले साल अप्रैल में हुआ था। वर्ष 2017 के जुलाई से जीएसटी प्रणाली लागू है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल में घरेलू और आयात दोनों ही स्तर के ट्रांजेक्शन में बढ़ोतरी से जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर रहा। घरेलू स्तर के व्यवसाय में पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 13.4 प्रतिशत तो आयात से जुड़े व्यवसाय में 8.3 प्रतिशत का इजाफा रहा। व्यवसाय में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था में तेजी को भी दर्शाता है।

### वाइस एडमिरल स्वामीनाथ बने नौसेना उपाध्यक्ष



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 1 मई को नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में अपने वर्तमान कार्यभार से पहले, उन्होंने एनएचक्यू में कार्मिक प्रमुख के रूप में कार्य किया। अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक के सम्मानित वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने अपने नौसैनिक करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### केसीआर के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे की रोक

**हैदराबाद।** चुनाव आयोग ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के.चंद्रशेखर राव (KCR) को अगले 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। केसीआर पर यह प्रतिबंध कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल करने को लेकर लगाया गया है। राव पर सिरसिला में कांग्रेस के खिलाफ यह आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान देने का आरोप है। चुनाव आयोग ने राव पर 1 मई रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## हेमकुंड साहिब की यात्रा की तैयारी...सेना के जवान हटा रहे बर्फ



*चमोली। सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के यात्रा मार्ग पर 4 किलोमीटर तक बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी गई है। जबकि शेष मार्ग पर बर्फ हटाने का काम जारी है। बर्फ हटाने में जुटे सेना की इंजीनियरिंग कोर के जवानद्ध*

### 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**चमोली।** सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब यात्रा 2024 की तैयारियां जोरों पर है। चमोली जिला प्रशासन, भारतीय सेना और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से तैयारियां जोरों पर है। आगामी 25 मई को गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खोले जाने हैं। सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के जवानों ने हेमकुंड साहिब यात्रा के पैदल मार्ग पर 4 किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग पर 4 किलोमीटर तक बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी गई है। जबकि, गुरुवार से पैदल यात्रा मार्ग के साथ ही घोड़ा-खच्चर मार्ग से भी बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। अभी भी यात्रा मार्ग पर कई फीट बर्फ जमी है। उन्होंने बताया कि घांघरिया में गुरुद्वारे में आवास के साथ ही पेयजल और विद्युत व्यवस्था को भी चाक चौबंद करने का काम सेवादारों की ओर से शुरू कर दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# मंत्रोच्चारण-अग्नि के सात फेरे लिए बिना हिंदू विवाह वैध नहीं

■ वैध विवाह के लिए विवाह समारोह का आयोजन जरूरी, विवाद पर समारोह को सबूत के रूप में दिखाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत वैध विवाह के लिए केवल प्रमाण पत्र ही पर्याप्त नहीं है बल्कि शादी समारोह और रीति-रिवाजों का पालन भी अनिवार्य रूप से किए जाना चाहिए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि अगर किसी की शादी में ऐसे आयोजन का अभाव है तो उस जोड़े को वैवाहिक दर्जा नहीं दिया जा सकता है। यानी हिन्दू विवाह तभी वैध माना जाएगा, जब समाज के सामने पूरे मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के सामने सात पवित्र फेरे लेने जैसी प्रथा निभाई गई हो।

कोर्ट ने कहा, हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत वैध विवाह के लिए, वैवाहिक समारोहों का आयोजन किया जाना चाहिए और किसी विवाद की स्थिति में उस समारोह के सबूतों को दिखाया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 7 के अनुसार तब तक कोई हिंदू विवाह मान्य नहीं होगा जब तक कि पक्षों ने ऐसे समारोह में भाग नहीं लिया हो। ऐसे समारोहों के बिना किसी संस्था द्वारा केवल प्रमाण पत्र जारी करने से न तो वैवाहिक स्थिति की पुष्टि होगी और न ही हिंदू कानून के तहत विवाह स्थापित हो सकेगा।



### यह भी कहा अदालत ने

संविधान के अनुच्छेद 142 (किसी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की पूर्ण शक्तियाँ) के तहत एक स्थानांतरण याचिका को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने ये टिप्पणियां की हैं। कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार विवाह को वैध नहीं मानते हुए विवादित पक्षों के खिलाफ तलाक, भरण-पोषण और आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। मामले में वादी और प्रतिवादी (जोड़े) ने हिंदू रीति-रिवाजों के मुताबिक शादी नहीं की थी, बल्कि उस दंपत्ति ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 8 के तहत सिर्फ अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन ही कराया था। उस जोड़े ने वैदिक जनकल्याण समिति नामक एक संगठन से अपने विवाह का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर, दंपती ने उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम, 2017 के तहत "विवाह पंजीकरण का प्रमाण पत्र" भी हासिल कर लिया था।

## मई में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

# राजस्थान में 8 दिन तक चल सकती है लू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में इन दिनों प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि पूर्वोत्तर-उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में मई में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, गुजरात में मई में पांच से आठ अतिरिक्त दिन लू चलने का अनुमान है।

मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान (31 डिग्री सेल्सियस) 1901 के बाद दूसरी बार सबसे अधिक रहा। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 1980 के दशक से सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान लगातार जारी है। ओडिशा में 2016 के बाद से इस अप्रैल में सबसे लंबे समय तक (16 दिन) लू चली।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है।



### देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है, जो एलपीए (दीर्घावधि औसत) का 91-109 फीसदी हो सकती है। 1971 से 2020 के आधार पर मई के दौरान वर्षा का एलपीए करीब 61.4 मिमी है। देश के शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है।

## कर्नाटक: अश्लील वीडियो मामला

# SIT ने पूछताछ के लिए बुलाया, प्रज्वल रेवन्ना बोले- मैं अभी बेंगलुरु में नहीं

**एजेंसी** | बेंगलुरु

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना की कथित अश्लील वीडियो मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच के सिलसिले में दोनों आरोपियों को नोटिस भेजा है और पूछताछ के लिए बुलाया है। इस बीच,रेवन्ना ने ट्वीट किया कि चूंकि मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बंगलूरू में नहीं हूं। मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। एचडी रेवन्ना ने बुधवार को कहा कि मुझे पता चला है कि एसआईटी ने मुझे नोटिस दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं एसआईटी का सामना करने के लिए तैयार हूं। दरअसल, रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर रविवार को हासन जिले के होलेनरसिपुरा थाने में एक मामला दर्ज किया गया था।

### J&K में बांदीपुरा से दो आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू** । जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन में बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षा बलों ने बांदीपुरा के अरागम इलाके से दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक ये दोनों सीमा पार आतंकी संगठन से संपर्क में थे। माना जा रहा है कि किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इससे पहले ही सुरक्षा बलों ने इन्हें धर दबोचा।

## सलामी गारद का निरीक्षण



*बेंगलुरु। एयर मार्शल नागेश कपूर बुधवार को बेंगलुरु स्थित ट्रेनिंग कमान में सलामी गारद का निरीक्षण करते हुए।*

## समुद्र में बढ़ेगी ताकत

# सुपर सोनिक मिसाइल प्रणाली स्मार्ट का सफल परीक्षण

**एजेंसी** | बालेश्वर(ओडिशा)

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल स्मार्ट 03 ने बुधवार सुबह अब्दुल कलाम द्वीप से उड़ान भरी।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह अगली पीढ़ी की मिसाइल प्रणाली है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ ) की टीम ने ही डिजाइन और विकसित किया है। परीक्षण के मौके पर डीआरडीओ तथा अंतरिम परीक्षण परिषद (आइटीआर) से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों और वैज्ञानिकों का दल मौजूद था। इस मिसाइल को बहुत घातक मिसाइल बताया गया है।

पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल प्रणाली बेहद अहम बताई जा रही है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंचकर मिसाइल टॉरपीडो के जरिए पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल प्रणाली में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम , नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। बुधवार को किए गए परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।



### दुश्मनों के मिसाइल को रास्ते में ही मार गिराने की रखती है क्षमता

यह मिसाइल दुश्मनों के किसी भी मिसाइल को बीच रास्ते में ही मार गिराने की ताकत रखती है। यहां उल्लेखनीय है कि भारत की इसी महीने के अंत तक आधा दर्जन से ज्यादा नए और पुराने मिसाइलों का परीक्षण करने की योजना है। इसमें क्रूज श्रेणी की मिसाइलों का परीक्षण किए जाने की भी संभावना है। कई पुरानी मिसाइल का आधुनिकरण किया गया है तो कई ऐसी नई मिसाइलें शामिल हैं जिनका पहला परीक्षण होगा।

### रक्षा मंत्री ने दी DRDO को बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे नौसेना की क्षमताएं बढ़ेंगी।

### रेल रोको आंदोलन: दो दिन तक 81 ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**नई दिल्ली** । पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के रेल रोको आंदोलन की वजह से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलन की वजह से पंजाब और जम्मू रेलवे मार्ग पर चलने वाली 81 ट्रेन गुरुवार व शुक्रवार को निरस्त रहेंगी। किसान आंदोलन ने रेलवे की समय सारणी को बिगाड़ दिया है। पंजाब व जम्मू रेलवे रूट पर चलने वाली 300 से अधिक ट्रेन प्रभावित हो रही है। गुरुवार व शुक्रवार को 81 से अधिक ट्रेनें निरस्त रहेगी। इनमें दिल्ली-कटरा, दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-फजिल्का, नई दिल्ली-अमृतसर, दिल्ली-शामली, दिल्ली-जींद, भिवानी-धुरी, सिरसा-लुधियाना ट्रेनें भी शामिल हैं।

### गणेश निमंत्रण के साथ महोत्सव की शुरुआत, स्टीकर का किया विमोचन

# पहली बार 8 देशों में मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**बेधड़क.जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से मोती डूंगरी स्थित गणेश जी के मंदिर में बुधवार सुबह 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिन तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का विधिवत शुभारम्भ हुआ। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्नीक नीलम मिश्रा, मोती डूंगरी के महंत कैलाश शर्मा, गलता गेट के सियाराम दास महाराज, लाड़ली मंदिर के संजय गोस्वामी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति को निमंत्रण दिया। इसके साथ ही उन्होंने समारोह की सफलता के लिए गणपति की पूजा की।





### परशुराम जी के कट आउट का विमोचन

इस अवसर पर सदगुरु आचार्य गोपाल शरण महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक एच.सी. गणेशिया, मुकेश मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सविता शर्मा, उपाध्यक्ष श्योपत सिंह कायल, सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, प्रमुख महामंत्री मनोज मिश्र ने पूजा अर्चना कर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर एक रंगीन स्टीकर और भगवान परशुराम जी के कट आउट का विमोचन भी किया गया।

### गांव-ढाणी स्तर पर होंगे विभिन्न आयोजन

इस अवसर पर संत-महंतों ने विधि विधान से गणेश जी को आमंत्रित किया एवं उपस्थित विद्वान पण्डितों ने मंत्रोच्चारण के साथ सस्वर पाठ किया। मिश्रा ने बताया कि कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 8 प्रमुख देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेश की धरती पर भगवान परशुराम जी की जय जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होंगे। इसमें प्रमुख रूप से ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकांग, दुबई, कतर में परशुराम जन्मोत्सव 10 मई अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किए जाएंगे। साथ ही राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।

### गणेश निमंत्रण में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर शहर उपाध्यक्ष विजय भास्कर, हवामहल अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, पार्षद प्रत्याशी विमला शर्मा,पंकज शर्मा सोडाला, सत्यवीर भारद्वाज, युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, लक्ष्मी शर्मा सांगानेर, विजय लक्ष्मी, महेश भारद्वाज सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विमोचन समारोह में प्रमुख रूप से महासभा के लगभग 200 ब्राह्मण समाज के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि 15 दिन तक चलने वाले इस समारोह का विधिवत शुभारम्भ हो गया है और पूरे प्रदेश में शोभायात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम चलेंगे।

## हनुमान चालीसा का गणेश जी को निमंत्रण

**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेरी गेट स्थित श्री पूर्व मुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष अमरनाथ महाराज एवं मंदिर महंत मदन लाल शर्मा के सानिध्य में जयपुर सीरियल बमब्लास्ट के निर्दोष मृतकों को श्रदांजलि देने के लिए श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम का निमंत्रण मोती डूंगरी गणेश जी को दिया गया। इस मौके पर भक्तों द्वारा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक खंडेलवाल, पूर्व पार्षद अजय यादव, अरुण खटोड़, सरदार राजन सिंह, भवंर लाल शर्मा, कैलाश मित्तल, चेतन कुमावत, महिला संयोजक एवं पार्षद कुसुम यादव, कैलाश कुमावत, माधव कुमावत, महेश गुप्ता, अक्षय यादव, मनीष बिवाल एवं संपत बिसला सहित अन्य भक्तगण उपस्तिथ रहे।



## गौरी खान स्पेक्टा की ब्रांड एंबेसडर



**बेधड़क. जयपुर।** इंजिनियर्ड क्वार्ट्ज टॉप श्रेणी में लग्जरी ब्रांड "स्पेक्टा" के प्रमोशन के लिए इंटीरियर डिजाइनर एवं फिल्म प्रोड्यूसर गौरी खान को ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रमोद जैन ने बताया कि गौरी खान इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में जानी मानी हस्ती है। गौरी खान के अनुसार स्पेक्टा क्वार्ट्ज सर्फेसेस भारत के कुछ गिने चुने ऐसे ब्रांड्स में से एक है जो इटालियन प्लांट एवं टेक्नोलॉजी के उपयोग से बनाए जा रहे हैं। इनकी डिजाइन, प्रोडक्ट रेंज, एवं क्वालिटी विश्वस्तरीय है और जिनके साथ आप अपने किचन को लग्जरी लुक दे सकते हैं। जयपुर की एआरएल इंफ्राटेक लिमिटेड कंपनी के निदेशक ने संवाददाता से बातचीत में बताया कि विश्वस्तर पर में किचन काउंटरटॉप और फर्नीचर टॉप के लिए लग्जरी क्वार्ट्ज टॉप की मांग निरंतर बढ़ रही है और इसी बढ़ती मांग के मद्देनजर मार्च 2022 से क्वार्ट्ज टॉप का कमर्शियल उत्पादन एवं निर्यात प्रारंभ कर दिया। जैन ने बताया कि अपनी उच्चतम गुणवत्ता और विस्तृत प्रोडक्ट रेंज के कारण मात्र 2 साल में ही स्पेक्टा एक वैश्विक ब्रांड बनता जा रहा है।

## शिविर के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिन पर 3 मई को लगाए जाने वाले रक्तदान एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से अपने सिविल लाइंस निवास पर किया। संस्थान प्रवक्ता भवानी शंकर माली ने बताया कि शिविर महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से संस्थान प्रांगण सेक्टर 3, विद्याधर नगर में लगाया जाएगा। इसमें डॉक्टर्स टीम निशुल्क परामर्श देंगे। सभी रक्तदाताओं को निशुल्क हेलमेट भी दिए जाएंगे। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अनुभव चंदेल, उपाध्यक्ष हनुमान सैनी, प्रवक्ता एवं राजस्थान सरकार में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य भवानी शंकर माली, महामंत्री पूनम चंद कछावा, राम प्रसाद राकसिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### गुरूर नहीं गया, तो समझो गुरु नहीं मिला



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में ससंघ प्रवास रत आचार्य शशांक सागर ने बुधवार को धर्म सभा में कहा कि जिस व्यक्ति का गुरूर अभी तक नहीं गया है समझ लो कि उस व्यक्ति को सच्चा गुरु नहीं मिला है। गुरु के पास जब भी जाओ तो अहंकार को छोड़कर विनम्र बन कर जाओ। आचार्य ने आगे कहा कि गुरु तो आज भी वही है, लेकिन भक्त जन में संयम व तप की कमी आ गई है। संत ज्ञान का प्रकाश चाहता है। उन्होंने बताया कि मेरी भावना के बाद बारह भावना व वैराग्य भावना तक आप लोग पहुंचें तथा यह समझ लें कि प्रेम की शुरुआत अपने से होती है तब अपने आप फिर सब तक पहुंचती है। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि नित्य प्रातः 6:50 पर शांति धारा, 8:30 पर प्रवचन तथा दिन में स्वाध्याय व शंका समाधान का कार्यक्रम होता है।

### अमित को मिलेगा ग्राम गदर पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसायटी (कट्स) की ओर से वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार अमित बैजनाथ गर्ग को साल 2023 के लिए ग्राम गदर ग्रामीण पत्रकारिता पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। अमित को पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपए की राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। अमित को जलवायु परिवर्तन का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित खोजपूर्ण आलेखों के आधार पर यह पुरस्कार दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अमित को इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मान भी हासिल हो चुके हैं। अमित मूलत: अलवर जिले के खेड़ली कस्बे के रहने वाले हैं और जयपुर में रहकर स्वतंत्र पत्रकारिता कर रहे हैं।

### सुधांशु महाराज का अवतरण दिवस आज



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु महाराज का अवतरण दिवस गुरुवार को मनाया जाएगा। जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह 9 से 11 बजे तक शरबत की छबील लगाई जाएगी। शाम को 4 से 5 बजे के तक आचार्य मोहन शास्त्री एवं पंडित विष्णु शर्मा के सानिध्य में महामृत्युंजय मंत्र के साथ विशेष हवन एवं जाप किया जाएगा। इसके बाद 5 से 7 बजे तक मंडल से जुड़े गायकों द्वारा भजन एवं सत्संग कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात भंडारा प्रसादी होगी। जयपुर मंडल की ओर से 3 दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार से आरम्भ हुए। प्रथम दो दिनों में भी महामृत्युंजय मंत्र सहित हवन और महाआरती के साथ सुंदरकांड एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ तथा अनुष्ठान हुए। इनमें उप प्रधान नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद्र गुप्ता और सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया पर लेटर जारी कर किया अनाउंस

## नेल्शन ने खोला प्रोडक्शन हाउस 3 को शुरू करेंगे पहला प्रोजक्ट

बेधड़क | जयपुर

बीस्ट और जेलर जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले तमिल फिल्मों के डायरेक्टर-राइटर नेल्सन दिलीप कुमार अब फिल्म निर्माण में उतरने जा रहे हैं। उन्होंने खुद की प्रोडक्शन कंपनी खोली है। अपनी कंपनी का नाम उन्होंने 'फिल्मानेंट पिक्चर्स' रखा है। इसका अनाउंस करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने 3 मई को पहले प्रोजेक्ट के अनाउंस किए जाने की बात कही है। नेल्सन दिलीप कुमार ने अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू 2018 में आई ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म कोलामावू कोकिला से किया था। इसने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था।

इस मूवी को हिंदी में भी रीमेक किया गया। हिंदी में इसका टाइटल गुड लक जेरी था, जो 2022 में रिलीज हुई थी। इसके लिए नेल्सन दिलीप कुमार ने बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर और बेस्ट स्क्रीन प्ले अवॉर्ड भी जीता। फिल्म में नयनतारा के साथ योगी बाबू, सरन्या पोनवन्नन, वीजे जैकलीन, आर.एस. शिवाजी, चार्ल्स विनोथ, हरीश पेराडी और अन्य सहायक कलाकार थे। नेल्सन दिलीप कुमार ने इसके बाद तीन और फिल्मों डॉक्टर (2021), बीस्ट (2022) और जेलर (2023) का डायरेक्शन किया है।



### म्यूजियम में कला कैंप का आगाज

## 50 से अधिक कलाकार शिविर में दिखा रहे रियलिस्टिक आर्ट



बेधड़क | जयपुर

आमेर रोड पर जलमहल के नजदीक स्थित राम गोपाल विजयवर्गीय आर्टगैलरी और संग्रहालय में बुधवार सुबह 11 बजे आर्ट शिविर की शुरुआत हुई। कैंप का उदघाटन साहित्यकार और समाजसेवी कविता मुखर ने किया। डिवाइन सोल फाउंडेशन तथा कथाबिंब पत्रिका की संयुक्त संपादक मुखर ने विजयवर्गीय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर म्यूजियम के समन्वयक निदेशक प्रबोध कुमार गोविल भी उपस्थित थे। कविता मुखर ने कहा कि कला की अपनी एक अलग दुनिया है, जिसमें चारों ओर की दुनिया से कहीं ज्यादा सुकून है।

मुखर ने कहा कि वे स्वयं भी एक प्रतिष्ठित कलाकार परिवार से आती हैं। शिविर में राजस्थान कॉलेज ऑफ आर्ट्स, राजस्थान विश्व विद्यालय तथा अन्य कॉलेजों के अलावा विभिन्न फ्रीलांस कलाकार भी भाग ले रहे हैं। चार दिन चलने वाले इस कैंप में शनिवार 4 मई को समापन व पुरस्कार वितरण होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल विजयवर्गीय भी उपस्थित रहेंगे। पचास से अधिक कलाकारों के इस शिविर में रियलिस्टिक आर्ट तथा मिनियेचर पर चित्र बनाए जा रहे हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

**पोस्टर लॉन्च** एक्टर श्रवण सागर और अंजली राघव लीड रोल में, अवॉर्ड विनिंग पुस्तक पर बेस्ड है मूवी

## 60 सिनेमाघरों में रिलीज होगी राजस्थानी फिल्म 'भरखमा'

बेधड़क | जयपुर

साहित्य अकादमी से सम्मानित पुस्तक भरखमा पर बनी राजस्थानी फिल्म भरखमा का मोशन पोस्टर बुधवार को जेएलएन मार्ग स्थित फोर्ट रेस्तरां में लॉन्च किया गया। श्रवण सागर राजस्थान फाउंडेशन की ओर से प्रस्तुत फिल्म के लॉन्चिंग इवेंट में फिल्म के लीड एक्टर श्रवण सागर, एक्ट्रेस अंजली राघव, गरीमा कपूर, राजवीर गुर्जर बस्सी, निक्स बोहरा, जीतेन्द्र छाबड़ी, साहिल चंदेल मौजूद रहे। इस फिल्म के लेखक डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी हैं और इन्हें साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार मिल चुका है। फिल्म का निर्देशन एस सागर ने किया है।



फोटो: पंकज शर्मा

### 'मने हो गयो है प्यार' गाना रिलीज

कार्यक्रम के दौरान फिल्म का पहला गाना 'मने हो गयो है प्यार' को भी रिलीज किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए क्रिएटर्स भी मौजूद रहे। श्रवण सागर ने मीडिया को बताया कि राजस्थानी भाषा और सिनेमा के लिए पिछले कई दशक से कार्य कर रहा हूं, इस बार हमने साहित्य को सिनेमा से जोड़ते हुए यह फिल्म तैयार की है। इसमें हमने राजस्थान के यंग टैलेंट को मौका दिया है। मूवी को देशभर के 60 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### सिनेमा को हर आर्टिस्ट 100% देता है

एक्ट्रेस अंजली राघव ने बताया कि मैं हरियाणी इंडस्ट्री में काफी समय से काम रही हूं। वहां गानों और अन्य प्रोजेक्ट्स में लोगों ने खूब प्यार दिया है। अब राजस्थानी सिनेमा से कनेक्ट होते हुए मैंने यहां की फिल्म की है। यह मेरे लिए भी गर्व की बात है। रीजनल सिनेमा के लिए हर आर्टिस्ट अपना 100 प्रतिशत देता है। अंजली हरियाणवी संगीत इंडस्ट्री में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। वह बॉलीवुड फिल्म तेवर में भी काम कर चुकी हैं और कैरी-रिश्ता खट्टा मीठा नामक धारावाहिक में भी नजर आई हैं। अंजलि को हाय रे मेरी मोटो गाने ने दुनियाभर में पहचान दिलाई। अंजलि राघव और पवन गिल का गाना 'मैडम नाचे नाचे रे तू तो' का वीडियो लोगों ने खूब पसंद किया है। राजवीर गुर्जर और निक्स बोहरा ने बताया कि राजस्थानी सिनेमा को पहचान दिलाने के लिए हम कार्य कर रहे हैं। राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए हम अपने दिल से जुड़े हुए हैं। यह साहित्य पुस्तक पर बनी फिल्म है और इससे जुड़ना हमारे लिए भी खास है।

वो सोच ही थी और वो सोच ही है, जो आज हम स्वयं हैं। वो सब संभव है, जो हम सोच सकते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




### हादसा: भारी बारिश से ढही सड़क, 18 वाहन मलबे में दबे... 25 लोग गंभीर रूप से घायल

# चीन में हाईवे का एक हिस्सा ढहा, 24 की मौत

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के गुआंगदोंग प्रांत में बुधवार को एक भीषण हादसा हुआ। यहां एक हाईवे का पूरा हिस्सा अचानक ही ढह गया। इस घटना के बाद करीब 18 वाहन मलबे में दब गए। हादसे में अब तक कम से कम 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। पुलिस के मुताबिक, मेझू शहर और दाबू काउंटी के बीच बने एस-12 हाईवे का करीब 17.9 मीटर हिस्सा अचानक ही ढह गया। यह घटना देर रात करीब 2.10 बजे की है। स्थानीय मीडिया ने 24 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं 25 लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं और उनका इलाज जारी है। इस घटना का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें मलबे में दबे वाहनों से धुआं निकलते देखा जा सकता है। बताया गया है कि राहत-बचाव कार्यों के लिए करीब 500 लोग मौके पर मौजूद हैं। पुल के ढहने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।



#### ग्वांगदोंग प्रांत में भारी बारिश और ओलावृष्टि से बाढ़ जैसे हालात

बीते दो हफ्तों में ग्वांगदोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे बाढ़ जैसे पैदा हालात हो गए हैं। मीझोऊ के कुछ गांवों में अप्रैल में बाढ़ आई और हाल के दिनों में शहर में भारी बारिश हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने सड़क का हिस्सा ढहने के तुरंत पहले ही वहां से गुजरते समय तेज आवाज सुनी और अपने पीछे कई मीटर चौड़ा गड्ढा बनते देखा। चीन के स्थानीय मीडिया द्वारा दिखाए गए वीडियो और तस्वीरों में घटनास्थल पर धुंआ और आग दिखाई दे रही है।

### रूस ने यूक्रेन पर फिर दागी मिसाइल

# ओडेसा का 'हैरी पॉटर कैसल' तबाह, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी** | कीव

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफ से मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस हमले में कई आवासीय भवनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गॉथिक शैली में निर्मित कैसल के साथ-साथ आसपास की आवासीय इमारतों को भी हमले से नुकसान पहुंचा है। इस हैरी पॉटर कैसल में एक प्राइवेट लॉ इंस्टीट्यूट चल रहा था। मिसाइल हमले के बाद के एक वीडियो में इमारत में भीषण आग लगी हुई नजर आ रही है। ये ओडेसा पर अब तक हुए सबसे बड़े हमलों में से एक है। इसमें रूसी सेना ने शहर पर मिसाइलें, ड्रोन और बम दागे, जिससे समुद्री तट क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान जल उठा।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि एक गर्भवती महिला और चार साल के बच्चे सहित कम से कम 32 लोग घायल हो गए और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हमले में मारे गए लोगों के अलावा, हमले के कारण स्ट्रोक से एक व्यक्ति की मौत हो गई।



#### कई बम विस्फोट हुए

यूक्रेन के एक अधिकारी ने हमले का वीडियो जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि किस तरह समुद्र के किनारे एक के बाद एक कई बम विस्फोट हुए। इससे भगदड़ मच गई। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के हमले में तबाह हुए भवनों में एक शैक्षणिक संस्थान भी था, जिसे बोलचाल की भाषा में 'हैरी पॉटर कैसल' के रूप में जाना जाता था। अधिकारियों ने इसके टावर और छतों की जलती हुई तस्वीरें भी साझा की हैं।

#### बीस भवनों को पहुंचा नुकसान

कोस्टिन ने कहा कि करीब 20 आवासीय भवनों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे हालात और बिगड़ गए। एक अलग घटना को लेकर रूसी अधिकारियों ने क्रीमिया में यूक्रेन द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले को रोकने में सफलता का दावा किया है।

### दो किमी इलाके तक में भर गई राख

# इंडोनेशिया में दूसरी बार फटा ज्वालामुखी

**एजेंसी** | जकार्ता

इंडोनेशिया के माउंट रुआंग में दो सप्ताह में दूसरी बार ज्वालामुखी फट गया। ज्वालामुखी इतना भयंकर था कि लगभग दो किमी तक इलाका राख से भर गया। रुआंग के आसपास के क्षेत्र में रह रहे 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। साथ ही पांच किमी दूरी तक किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दी गई है। विस्फोट के बाद चारों ओर अंधेरा छा गया।



उसके बाद बिजली चमकी और भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए।सुलावेसी द्वीप पर हाल ही में सेंसर द्वारा ज्वालामुखी एक्टिविटी अधिक पाए जाने पर अलर्ट जारी किया गया था। अधिकारियों ने द्वीप के लोगों से ज्वालामुखी से कम से कम 6 किमी दूर रहने को कहा था। सोशल मीडिया पर ज्वालामुखी के फटने के दौरान का वीडियो शेयर किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा है- माउंट रुआंग ज्वालामुखी फट रहा है। कई मिलियन टन अनियंत्रित CO2 रिलीज हो चुका है जिस पर वो कर नहीं लगा सकते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है।






### भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ ही बर्फ!

**एजेंसी** | बेंगलुरु

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक उपसतह जल बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है। यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा कि इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

#### चांद पर पानी मिलना...



भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl